शुक्रवार, 20 जून 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 28 |
| आर्द्रता | 87% |
| सूर्योदय: 4:52 | सूर्यास्त: 18:23 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** भरोसा तो अपनी सांसों का भी नहीं है और हम इंसान पर करते हैं।



'पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे': भारतीय छात्रों ने ईरान के भयावह हालात याद किए पृष्ठ 7

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# स्विस बैंकों में रखा भारतीयों का धन तीन गुना हुआ

## ग्राहक जमा केवल 11 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली/ज्यूरिख :** स्विट्ज़रलैंड के बैंकों में जमा भारतीयों का धन 2024 में तीन गुना से अधिक होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (करीब 37,600 करोड़ रुपये) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों में रखे कोष में उछाल के साथ जमा राशि में वृद्धि हुई है। स्विट्ज़रलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि, भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 3,675 करोड़ रुपये) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारतीय व्यक्तियों और फर्मों द्वारा स्विस बैंकों में जमा धन में 70 प्रतिशत की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं और स्विट्ज़रलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है। एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों के 'बकाया राशि' के रूप में कुल राशि 354.55 करोड़ स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 3.02 अरब स्विस फ्रैंक (42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), न्यासों के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (एक करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं। एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। वर्ष 2011, 2013, 2017, 2020, 2021, 2022 और 2023 समेत कुछ वर्षों को छोड़कर इसमें कमी आई है। एसएनबी के अनुसार, भारतीय ग्राहकों के प्रति स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' के लिए इसके आंकड़ों में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के सभी प्रकार के कोष को शामिल किया गया है। इसमें व्यक्तियों, बैंकों और उद्यमों की जमा राशि भी शामिल है। इसमें भारत में स्विस बैंकों की शाखाओं के साथ-साथ गैर-जमा देनदारियों के आंकड़े भी शामिल है। दूसरी ओर, बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट (बीआईएस) के 'स्थानीय बैंकिंग आंकड़ों' ने 2024 के दौरान ऐसे कोष में लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि दिखाई और यह 7.48 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 650 करोड़ रुपये) रही। पूर्व में बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट के इन आंकड़ों को भारतीय और स्विस अधिकारियों द्वारा स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों की जमा राशि के लिए अधिक भरोसेमंद माना जाता था। आंकड़ों के अनुसार, 2020 में लगभग 39 प्रतिशत की वृद्धि के बाद 2023 में इसमें 25 प्रतिशत, 2022 में 18 प्रतिशत और 2021 में आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। यह आंकड़ा स्विस बैंकों के भारतीय गैर-बैंक ग्राहकों के जमा और ऋणों को ध्यान में रखता है और 2018 में 11 प्रतिशत और 2017 में 44 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2019 में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2007 के अंत में यह 2.3 अरब डॉलर (9,000 करोड़ रुपये से अधिक) के उच्चस्तर पर पहुंच गया था।





## सरकार ने कुछ रूपों में आयातित सोने पर अंकुश लगाया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने देश के भीतर तरल रूप में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के मकसद से कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश लगा दिया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों का विलयन होती हैं। एक अधिकारी ने कहा कि रासायनिक यौगिकों की आड़ में सोने के आयात को विनियमित करने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था। उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ आयातक थाईलैंड जैसे देशों से आयात के लिए इस तरीके का इस्तेमाल कर रहे थे। डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी के तहत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है।''

# 'आने वाले समय में अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी'

## भाषा विवाद के बीच गृह मंत्री बोले- अब बदलाव का समय



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत में लोग अंग्रेजी बोलने पर शर्मिंदगी महसूस करेंगे। उन्होंने भारतीय भाषाओं को देश की संस्कृति के रत्न बताते हुए कहा कि ये भाषाएं हमारी पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं और इनके बिना हम भारतीय नहीं कहला सकते। भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री द्वारा लिखी किताब के विमोचन के मौके पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा, 'मेरी बात ध्यान से सुनिए और याद रखिए, इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं है। चीजों को वो ही कर पाते हैं जो एक बार अपने मन में ठान लेते हैं और मैं मानता हूं कि हमारे देश की भाषाएं, हमारा गहना है। इनके बिना हम भारतीय नहीं हैं। आप किसी विदेशी भाषा में अपने इतिहास, संस्कृति और धर्म को नहीं समझ सकते।' उन्होंने आगे कहा कि अधूरी विदेशी भाषाओं के साथ संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं इस बात से पूरी तरह वाकिफ हूं कि लड़ाई कितनी कठिन है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इस लड़ाई को जीतेगा और अपनी भाषाओं पर गर्व करते हुए हम अपने देश को चलाएंगे, विचार करेंगे, शोध करेंगे, निर्णय लेंगे और दुनिया पर शासन करेंगे। इसमें किसी को संदेह करने की कोई जरूरत नहीं है।

# दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था : एअर इंडिया सीईओ

**मुंबई :** एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले हफ्ते दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का ''अच्छी तरह से रखरखाव'' किया गया था तथा इस विमान की आखिरी बार गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच इस साल दिसंबर में होनी थी। यात्रियों को दिये एक संदेश में, एअर इंडिया प्रमुख ने यह भी कहा कि अगले कुछ सप्ताह के लिए कंपनी के बड़े विमानों के बेड़े के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती एक अस्थायी कदम है। उन्होंने कहा, ''विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था, आखिरी बार इसकी गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच दिसंबर 2025 में होनी थी। इसके दाहिने इंजन की मार्च 2025 में मरम्मत की गई थी और बाएं इंजन की जांच अप्रैल 2025 में की गई थी। विमान और इंजन दोनों की नियमित रूप से जांच की गई थी, जिनमें उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं नजर आई थी।'' विमानन कंपनी के प्रमुख ने कहा कि विमान में सवार 241 लोगों के साथ-साथ जमीन पर 34 लोगों की मौत ने ''हम सभी को बहुत दुखी किया है।'' विल्सन ने कहा, ''इस भयावह घटना से प्रभावित परिवारों और प्रियजनों के लिए हम जो दर्द महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।



## एयर इंडिया 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानें कम करेगी, तीन विदेशी शहरों के लिए परिचालन निलंबित

एयर इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि 21 जून से 15 जुलाई के बीच 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानें कम की जाएंगी और तीन विदेशी गंतव्यों पर उड़ानें निलंबित की रहेंगी। एयरलाइन ने बयान में कहा, ये कटौती 21 जून, 2025 से प्रभावी होगी और कम से कम 15 जुलाई, 2025 तक जारी रहेगी। दिल्ली-नैरोबी, अमृतसर-लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) पर 15 जुलाई तक सेवाएं निलंबित रहेंगी। इसके अलावा, उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और सुदूर पूर्व के शहरों को जोड़ने वाले 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों में कमी की जाएगी।

## दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर एएआईबी निर्णय लेगा: सरकार

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर निर्णय लेगा। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की एक संयुक्त इकाई 13 जून को दुर्घटना स्थल से बरामद की गई है और दूसरा सेट 16 जून को मिला। विमान के इस मॉडल में दो ब्लैक बॉक्स सेट थे।

# कालीगंज उपचुनाव : करीब 70 प्रतिशत मतदान



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए गुरुवार को शाम 5 बजे तक 69.85 प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दिन, मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और इसका समय शाम 6 बजे तक था। सूत्रों के अनुसार, मतदान प्रतिशत में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि पांच बजे के बाद भी मतदान केंद्रों के बाहर कतारें थीं। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद का फरवरी में अचानक निधन होने के कारण इस सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने उनकी बेटी अलीफा अहमद (38) को अपना उम्मीदवार बनाया। भाजपा ने आशीष घोष को अपना उम्मीदवार बनाया, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के समर्थन के साथ मैदान में उतरे। निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की 14 कंपनी तैनात की गईं। हालांकि, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही लेकिन फिर भी कुछ बूथ पर मामूली तनाव की खबरें आईं। इस मतदान के बाद अब मतगणना 23 जून को होगी।

## एक को छोड़कर पांच विधानसभा उपचुनावों में सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** पांच विधानसभा सीट के लिए बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव में एक मतदान केंद्र को छोड़कर शेष सभी पर वेबकास्टिंग की गई। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि चार राज्यों में पांच उपचुनावों के लिए कुल 1,354 मतदान केंद्र बनाए गए थे और 1,353 पर वेबकास्टिंग की गई। इस सप्ताह की शुरुआत में निर्वाचन आयोग ने अब से 100 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग सुनिश्चित करने का निर्णय लिया था। हाल ही में 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई थी। इसके अलावा संवेदनशील मतदान केंद्रों पर भी वेबकास्टिंग की गई थी। पंजाब, पश्चिम बंगाल, गुजरात और केरल के पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए मतदान हुआ और पहली बार 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग लागू की गई। निर्वाचन आयोग ने अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान प्रक्रिया की 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग का फैसला किया है। वेबकास्टिंग एक आंतरिक चुनाव प्रबंधन का माध्यम है जिसका इस्तेमाल निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा है। यह पहली बार था जब निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा प्रदान की। मतदान केंद्रों के बाहर अमानती केंद्र बनाए गए थे। अब तक ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी और कुछ मतदाता अपने कपड़ों में फोन छिपाकर मतदान केंद्रों के अंदर ले जाते थे, जो नियमों के विरुद्ध है।

## नकदी विवाद: जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर ''गुप्त या सक्रिय नियंत्रण'' था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश की है। जांच समिति ने 64-पृष्ठ की अपनी रिपोर्ट में कहा है, इस प्रकार समिति का मानना है कि नकदी राशि राष्ट्रीय राजधानी के 30 तुगलक क्रीसेंट स्थिति आवास के भंडार कक्ष में पाया गया था, जो आधिकारिक तौर पर न्यायमूर्ति वर्मा के कब्जे में था।

# ईरानी मिसाइल ने दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल को निशाना बनाया, ताजा हमलों में दर्जनों लोग घायल

## ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए



**बीरशेबा (इजराइल) :** ईरान की एक मिसाइल बृहस्पतिवार तड़के दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल पर गिरी जिससे ''व्यापक पैमाने पर क्षति'' हुई लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। अस्पताल ने यह जानकारी दी। अन्य मिसाइलें तेल अवीव के निकट एक ऊंची इमारत तथा कई अन्य आवासीय भवनों पर गिरीं। ईरानी मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता का अस्तित्व नहीं बचेगा। इजराइल की 'मैगन डेविड एडोम' बचाव सेवा के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी शहर बीरशेबा में स्थित 'सोरोका मेडिकल सेंटर' से काला धुआं उठता देखा गया और आपातकालीन दलों ने मरीजों को बाहर निकाला। इजराइली मीडिया ने मिसाइल हमले के कारण क्षतिग्रस्त हुईं खिड़कियों और इलाके से उठते घने काले धुएं के फुटेज प्रसारित किए। इस बीच इजराइल ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया। ईरान के विशाल परमाणु कार्यक्रम पर यह हमला संघर्ष के सातवें दिन किया गया। इजराइल ने सात दिन पहले ईरान के सैन्य स्थलों, वरिष्ठ अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर अचानक हमले किए जिससे यह संघर्ष शुरू हो गया। वाशिंगटन स्थित एक ईरानी मानवाधिकार समूह ने बताया कि ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए हैं और 1,300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने करीब 400 मिसाइल और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिससे इजराइल में कम से कम 24 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वह अपने यूरोपीय समकक्षों के साथ बैठक के लिए शुक्रवार को जिनेवा जाएंगे, जिससे संकेत मिलता है कि कोई नयी कूटनीतिक पहल आकार ले सकती है।

## इजराइली हमलों से कोई भी सुरक्षित नहीं है : प्रधानमंत्री नेतन्याहू

**यरूशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को कहा कि इजराइली हमलों से ''कोई भी सुरक्षित नहीं है।'' उन्होंने संकेत दिया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी ''निशाने'' पर हो सकते हैं। नेतन्याहू ने यह टिप्पणी दक्षिणी इजराइली शहर बीरशेबा में 'सोरोका मेडिकल सेंटर' के दौरे के दौरान एक सवाल के जवाब में की, जिस पर बृहस्पतिवार सुबह ईरान ने मिसाइल हमला किया था। नेतन्याहू ने कहा, ''मैंने निर्देश दिए हैं कि कोई भी इससे (हमले से) अछूता नहीं है।'' इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कुछ बोलने में नहीं बल्कि कार्रवाई करके दिखाने में भरोसा करते हैं।

## ईरान से 'सैन्य सहायता' के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे इजराइल के खिलाफ चल रहे युद्ध में ईरान से किसी भी सैन्य सहायता के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला है। पाकिस्तान ने, हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि इस्लामिक गणराज्य को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने यहां साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ''ईरान पर पाकिस्तान की स्थिति स्पष्ट और पारदर्शी है: हम ईरान को पूर्ण नैतिक समर्थन प्रदान करते हैं; हम ईरान के खिलाफ आक्रामकता की कड़ी निंदा करते हैं।''

## भारत ने इजराइल से अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने अपने उन नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण इजराइल में उत्पन्न सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वहां से निकलना चाहते हैं। इजराइल के बीरशेबा इलाके में एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल के हमले के कुछ घंटों बाद भारत ने अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''इजराइल और ईरान के बीच हाल में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर, भारत सरकार ने उन भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो वहां से वापस आना चाहते हैं।'' मंत्रालय ने कहा कि वापस आने के इच्छुक भारतीयों को पहले इजराइल की भूमि सीमा के माध्यम से और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा।



## भारत पाक को बाजी हथियाने से रोके

यह ध्रुव सत्य है कि अमेरिका की तमाम रीतियां व नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। जहां उसे अपने आर्थिक व सामरिक हित नजर आते हैं, वहीं उसकी सभी रीति–नीतियां ठहर जाती हैं। दशकों से आतंक की पाठशाला चला रहे पाकिस्तान को आंतकवाद के खिलाफ कथित साझेदारी के लिये उपकृत करने वाले अमेरिका के मंसूबों को समझा जा सकता है। विडंबना यह है कि पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान को कथित रूप से युद्ध विराम के लिये सहमत कराने के लिये खुद की ही पीठ थपथपा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने दस मई को अमेरिका की मध्यस्थता में देर रात तक बातचीत के दावे के बाद कथित रूप से पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया था। पल–पल अपना रुख बदलने के लिये कुख्यात ट्रंप इस विवादास्पद मामले पर अपनी बात मनवाने पर अड़े हुए हैं। मगर बार–बार उनके द्वारा दोहराए जाने वाले दावे भारत की परेशानी का सबब बन रहे हैं। भारत ने ऐतिहासिक रूप से द्विपक्षीय विवादों को तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से दूर रखा है। अब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिकॉर्ड को सही करने का प्रयास किया है, और वह भी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इस्लामाबाद के अनुरोध पर ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हमलों को रोक दिया था, न कि मध्यस्थता या अमेरिका द्वारा किसी व्यापार सौदे की किसी पेशकश के कारण। यह दावा डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रचार को सिरे से खारिज करता है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को समझाने के लिये व्यापार कार्ड का इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके बावजूद बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री की सीधी बात ट्रंप को समझ आएगी? क्या ये बातचीत ट्रंप को भारत व पाक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोके पाएगी?

लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया कारगुजारियों से तो ऐसा होता नजर नहीं आता। पहले बात अमेरिका को स्पष्ट समझा दी जानी चाहिए कि वह भारत व पाक को एक तराजू में तोलने की भूल न करे। हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान जिस तरह ट्रंप प्रशासन ने विवादास्पद पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर को तरजीह दी, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की लंच पर मेजबानी करके नवीनतम भड़काऊ कदम ही उठाया है। उसे देखते हुए यह संभावना असंभव ही लगती है कि ट्रंप दोनों देशों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बाज आएंगे। यह वही मुनीर आलम है जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले से बमुश्किल एक सप्ताह पूर्व कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। इसके अलावा उन्होंने संकीर्ण सांप्रदायिक टिप्पणियां भी की थी। यह बात अतार्किक ही लगती है कि अमेरिका पाक को अपने साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिये पुरस्कृत कर रहा है। दोनों देशों के बीच पक रही यह खिचड़ी भारतीय कूटनीति के लिये एक बड़ी चुनौती कही जा सकती है। मोदी सरकार को पाकिस्तान को खुले समर्थन को लेकर अमेरिका का सामना करने के पक्ष और विपक्ष के हमलों का मुकाबला करना होगा। निश्चित रूप से दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित भारत इस स्थिति को हल्के में नहीं ले सकता। भारत को पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण के प्रयासों को विफल करने के लिये हर संभव प्रयास करने होंगे। अब चाहे अमेरिका को ये पसंद आए, चाहे न आये। भारत के लिये यह कूटनीतिक चुनौती है और देशकाल परिस्थितियों के अनुरूप भारत को अपनी रीतियों–नीतियों को नए सिरे से निर्धारित करना चाहिए। यह जानते हुए कि हमारा दशकों से विश्वसनीय साथी व महाशक्ति रहा रूस आज उतनी मजबूत स्थिति में नहीं है। लंबे खिंच रहे यूक्रेन संघर्ष ने रूस की अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में कभी मजबूत रही स्थिति को कमजोर ही किया है। ऐसे में भारत को बदलते परिदृश्य में कूटनीति को नये सिरे से परिभाषित करना होगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 जून, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष नवमी, 09:47 तक, नक्षत्र : रेवती, 04:15 तक, योग : शोभना, 23:42 तक, सूर्योदय: 4:52, सूर्यास्त: 18:23, चन्द्रोदय : 00:13, चन्द्रास्त: 13:03, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 09:57 से 11:38

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन तनाव से भरा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है। आप अपनी समस्या को छोटा ना समझे, नहीं तो वह बढ़ सकती है।

**वृष :** आज का दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है। आज काफी व्यस्त रहेंगे और मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**मिथुन :** आज का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होगी। आप राजनीति में आपको कोई बड़ा पद मिल सकता है।

**कर्क :** आज शौक की चीजों पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से भी आपकी व्यग्रता बढ़ेगी। कोई सहयोगी परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

**सिंह :** आज का दिन धन–धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप खूब खुला खर्च करेंगे, फिर भी आपको धन को लेकर कोई समस्या नहीं आएगी।

**कन्या :** आज का दिन समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने मामले को छोटा नहीं समझना है। आप मौज–मस्ती में रहने के कारण कुछ लापरवाही कर सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन उलझनों से भरा रहने वाला है। आप काम को करने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन आपके भ्रम रहने से आपकी समस्याएं और बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इससे कार्यभार बढ़ सकता है, किन्तु उसके साथ आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित रहेगा।

**धनु :** आज का दिन नया करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में बदलाव करेंगे और अपने व्यापार में भी धन लगा सकते हैं। आपके पिताजी का पुराना रोग उभर सकता है, जो आपको परेशानी देगा।

**मकर :** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों पर खरे उतरेंगे, जिससे परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आपको योजना बनाकर चलना होगा। आपको टेंशन हो सकती है। आप अपनी माताजी से काम को लेकर कोई वादा कर सकते हैं।

**मीन :** आज अपने मित्रों से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मन मुताबिक काम ना मिलने से टेंशन बनी रहेगी। विधार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे

# योग : तन और मन के समत्व का सेतु



घनश्याम बादल



प्राय: योग, धर्म और अध्यात्म को अलग–अलग माना जाता है। योग का संबंध भौतिक शरीर को पुष्ट करने अथवा शारीरिक व्याधियों के उपचार तक सीमित मान लिया जाता है। वहीं धर्म को किसी विशेष पद्धति से पूजा–पाठ अथवा कर्मकाण्ड मान लिया गया है तथा अध्यात्म को दूसरे लोक की रहस्यात्मक वस्तु। लेकिन वास्तव में धर्म, अध्यात्म तथा योग अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं।

मोटे तौर पर शरीर को तीन भागों में बाँटा गया है : स्थूल शरीर अथवा भौतिक शरीर मानसिक शरीर अथवा मन या कारण शरीर तथा सूक्ष्म शरीर यानि चेतना अथवा आत्मा। इन तीनों शरीरों को जानना तथा मन के माध्यम से चेतना में स्थित होना आध्यात्मिकता है। इसके लिए चित्त की शुद्धता अनिवार्य है। चित्त की शुद्धता योग द्वारा ही संभव है अत: योग धर्म और आध्यात्मिकता से पृथक नहीं कहा जा सकता है। योग शरीर और मन के बीच सेतु है, श्वास तथा मन और चेतना के मध्य सेतु है ध्यान एवं एकाग्रता। श्वास का सही अभ्यास और ध्यान योग के ही अंग हैं। अत: योग ही आध्यात्मिकता है योग ही शुद्ध धर्म है। योगसूत्र में योग की परिभाषा शुद्ध धर्म की परिभाषा से मिलती है। योग: चित्तवृत्ति निरोध चित्तवृत्तियों का निरोध अर्थात् मन को स्थिर करना ही योग है।

गीता में कहा गया है समत्वं योग उच्यते अर्थात् मन का समता में स्थित होना ही योग है। कुछ व्यक्ति मात्र योगासन तथा प्राणायाम को ही योग समझ लेते हैं। वास्तव में अष्टांग योग के आठों अंगों तथा सभी उपांगों का अभ्यास ही सम्पूर्ण योग है। यम–नियम से लेकर ध्यान और समाधि तक की यात्रा ही पूर्ण योग है। धर्म के सभी लक्षण यम और नियम में आ जाते हैं। इनको धारण करने के लिए ध्यान की आवश्यकता पड़ती है। ध्यानावस्था में पहुँचने के लिए आसन और प्राणायाम सहायक होते हैं। इस प्रकार अष्टांग योग का अभ्यास धर्म की ओर ले जाता है, यही मानव धर्म है। इसके उपरांत किसी धर्म की आवश्यकता नहीं रह जाती।

### योग का इतिहास

आदिदेव शिव और गुरु दत्तात्रेय को योग का जनक माना गया है। पर, अधिकतर विद्वान मानते हैं कि योग के जनक महर्षि पतंजलि पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने योग को सुव्यवस्थित रूप दिया। गीता मेंश्रीकृष्ण ने कहा है योगक्षेमवहाम्यहं।

200 ई.पू. पातंजलि ने वेदों में बिखरी योग विद्या का वर्गीकरण किया। पातंजलि के बाद योग का प्रचलन बढ़ा और यौगिक संस्थानों, पीठों तथा आश्रमों का निर्माण होने लगा, जिसमें केवल राजयोग की शिक्षा–दीक्षा दी जाती थी।

### योग और आध्यात्म

भारत में योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम किया जाता है। ईश्वर की आराधना से लेकर गीता के उपदेश तक, शरीर को स्वस्थ और स्फूर्तिवान रखने से लेकर तमाम बीमारियों के समाधान तक, आत्मा से लेकर शरीर और मस्तिष्क की शुद्धि तक हर जगह योग है।।

### योग के लाभ

योग क्रियाओं का मूल उद्देश्य है लोगों को प्रकृति से जोड़ना, ध्यान की आदत बनाना ,स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन रही बीमारियों को घटाना। लोगों को शारीरिक और मानसिक बीमारियों से बचाना और स्वस्थ जीवन–शैली के द्वारा लोगों के बेहतर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करना।

### विविध योग

गीता में कृष्ण ने योग के तीन प्रकार बताए हैं– ज्ञान योग, कर्म योग और भक्ति योग। जबकि योग प्रदीप में इसके दस प्रकार बताए गए हैं राज योग, अष्टांग योग, हठ योग, लय योग, ध्यान योग, भक्ति योग, क्रिया योग, मंत्र योग, कर्म योग और ज्ञान योग। इसके अलावा धर्म योग, तंत्र योग, नाद योग का भी जिक्र कई ग्रन्थों में आता है। अब आज के संदर्भ में हम जिस योग की बात करते हैं उसे अष्टांग योग कहा जाता है। अष्टांग योग अर्थात योग के आठ अंग सभी धर्मों का सार माने जाते हैं। ये आठ अंग हैं यम , नियम , आसन , प्राणायम , प्रत्याहार, धारणा ,ध्यान और समाधि।

### योग किसके लिए

योगाभ्यास केवल वयस्कों के लिए ही नही बल्कि युवा वृद्ध , किशोर और बच्चों सबके के लिए है। विद्यार्थियों के लिए योग सर्वाधिक लाभदायक है इससे बच्चों के मन–मस्तिष्क में स्थिरता आती है और ध्यान केंद्रित करने में भी सहायता मिलती है। इसी वजह से दुनिया के अधिकांश देशों में योग शिक्षा को अनिवार्य किया जा रहा है। योग शिक्षा जितनी कम उम्र से ली जाये, उतना ही शरीर को ज्यादा लाभ मिलता है। बच्चों का शरीर बड़ों की तुलना में ज्यादा लचकदार होता है इसलिए बच्चे चीजों को जल्दी और आसानी से सीख जाते हैं। योग से शरीर को रोगों से मुक्ति मिलती है और मन को शक्ति देता है।

### विद्यार्थी और योग

जिन विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति अरुचि जैसी समस्या होती है उनके लिए योगक्रिया चमत्कार जैसा काम करती है। सुबह के वक्त योग करने से विद्यार्थियों में एकाग्रता और दृढ़ता बेहतर होती है। इससे तन–मन स्वस्थ और निरोग रहता है और बच्चे सभी क्षेत्र में अव्वल रहते हैं। योग के निरंतर अभ्यास से विद्यार्थियों में अध्ययन की इच्छा प्रबल होती है।जिन विद्यार्थियों को ड्रग्स आदि की लत लग जाती है योग का नियमित अभ्यास से इन व्यसनों से छुटकारा दिलाने में सक्षम है।

### अंतर्शक्ति जागरण

योग का अभ्यास व्यक्तियों में छुपी हुई शक्तियों को जागृत करता है इसलिए वर्तमान परिवेश में शिक्षा जगत में योग की शिक्षा आवश्यक है। छात्र योग के बल पर अपने मस्तिष्क को शुद्ध करके विचार शक्ति को बढ़ा सकते है जिससे छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति में सहायता मिलती है। जो बच्चे शुरू से ही योग करते है वें अपने लक्ष्य को जल्दी भेद पाते है।

# विमान हादसे का सच उगलता है ब्लैक बॉक्स



बाल मुकुन्द ओझा

जब कभी कोई विमान हादसा होता है, तो सभी एजेंसियां विमान के ब्लैक बॉक्स को खोजने में लग जाती हैं। अहमदाबाद में हाल ही हुए विमान हादसे के बाद एक बार फिर ब्लैक बॉक्स की चर्चा सरगर्म है। ब्लैक बॉक्स बरामद भी कर लिया गया है जिसकी गहन जाँच की जा रही है। यह एक बहुत महत्वपूर्ण उपकरण है जिसकी ज्यादा चर्चा नहीं होती मगर जब भी कोई हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त होता है तो तत्काल बाद इस उपकरण की खोज शुरू हो जाती है ताकि दुर्घटना के असली कारणों का पता लगाया जा सके। जब भी कोई हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है तो उसकी जांच की शुरुआत ब्लैक बॉक्स से ही होती है। जाँच एजेंसिया सबसे पहले ब्लैक बॉक्स को ही खोजते है ताकि विमान के क्रेस होने की सही सही जानकारी मिल सके। गत 68 सालों से ब्लैक बॉक्स ही वो चीज है जो विमान दुर्घटनाओं के बाद जांचकर्ताओं की मदद करती है। उड़ान अभिलेखक जिसे अंग्रेजी में ब्लैक बॉक्स कहा जाता है, वायुयान में उड़ान के दौरान विभिन्न सूचनाओं को क्रियान्वित करने वाला महत्वपूर्ण उपकरण है। ब्लैक बॉक्स काले रंग का बॉक्स होता है जो फ्लाइट के दौरान के सभी अहम रिकॉर्ड को सुरक्षित रखता है। दुर्घटना से पहले के आखिरी संवाद इसमें रिकॉर्ड हो जाते हैं। ब्लैक बॉक्स टाइटेनियम धातु का बना होता है और इसकी खास बात ये है कि दुर्घटना की स्थिति में ये पानी, चट्टान, जंगल कहीं भी गिरने पर भी पूरी तरह सुरक्षित रहता है और इसके जरिए विमान की दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सकता है। ब्लैक बॉक्स में हवाई जहाज से जुड़ी जानकारियाँ, जैसे कि विमान की गति, ऊँचाई, इंजन तथा अन्य यंत्रों की ध्वनी, यात्रियों और पायलटों की बातचीत आदि, दर्ज होती रहती है। इन सूचनाओं के विश्लेषण द्वारा विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति में दुर्घटना के कारणों की पहचान की जाती है।

दुनिया के देशों को वर्ष 1953– 1954 में हवाई हादसों की श्रंखला के बाद हवाई जहाज में एक ऐसा उपकरण लगाने की जरूरत महसूस की जो कि दुर्घटना के समय या उससे तुरंत पहले वायुयान में होने वाले हलचलों और आँकड़ों को संग्रहित कर रख सके तथा जो दुर्घटनाओं में सुरक्षित रहे। ब्लैक बॉक्स बेहद मजबूत धातु टाइटेनियम का बना होता है। किसी भी एयरक्राफ्ट में लगने वाले ये रिकॉर्डर बहुत सारे परीक्षणों से गुजरते हैं। डिवाइस में डेटा डिजिटली सुरक्षित होता है वो नष्ट न हो इसलिए इन्हें शॉक–प्रूफ बनाया जाता है। साथ ही यह एक घंटे तक 1,110 डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान को और कम से कम दस घंटे तक ढाई सौ डिग्री सेंटीग्रेट के तापमान को सहने की क्षमता रखते हैं। आमतौर पर इन डिवाइस को एयरक्राफ्ट के पिछले हिस्से यानी टेल में लगाया जाता है. ताकि प्लेन के क्रैश होने की स्थिति में भी इन डिवाइस के सुरक्षित रहने की ज्यादा से ज्यादा संभावना रहे। विमान में लगा ब्लैक बॉक्स सही सलामत बच जाता है। दरअसल, यह टाइटेनियम का बना होता है जो काफी मजबूत धातु मानी जाती है। ब्लैक बॉक्स को टाइटेनियम के एक डिब्बे में बंद करके रखा जाता है। इसी कारण अगर ब्लैक बॉक्स काफी ऊंचाई से गिरता है तो भी उसे नुकसान नहीं पहुंचता। साल 1953–54 में हवाई हादसों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए विमान बनाने वाली कंपनियों ने विमान में ऐसे उपकरण लगाने की बात की जो हादसों के सही कारण को बता सके ताकि भविष्य में हादसों से सीख कर बचा जा सके। इसके लिए ब्लैक बॉक्स का आविष्कार किया गया। ब्लैक बॉक्स का रंग लाल होता है।

## विदेश की खबरें

### मोदी और क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने का निर्णय लिया

**जगरेब :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने 'रक्षा सहयोग योजना' तैयार करने पर सहमति जतायी और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। मोदी ने बुधवार को मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जतायी कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत–पश्चिम एशिया–यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर भी सहमति जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण–पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। दोनों पक्षों ने लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही गतिशीलता समझौते को अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया। मोदी ने कहा, ''हम 22 अप्रैल को भारत में आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री तथा सरकार के आभारी हैं। ऐसे कठिन समय में, हमारे मित्र देशों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''हम दोनों ने सहमति जतायी कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का बहुत महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह और प्लेंकोविक दोनों ''इस बात का समर्थन करते हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है।'' उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दिए बगैर कहा, ''बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है।''

### पुतिन, शी ईरान–इजराइल युद्ध पर सूचना साझा करने को सहमत हुए

**मॉस्को :** रूसी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आधिकारिक आवास 'क्रेमलिन' ने बृस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग ईरान–इजराइल युद्ध पर संवेदनशील जानकारी एक दूसरे को मुहैया करने के लिए सहमत हुए हैं। क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा, ''राष्ट्रपति पुतिन और शी चिनफिंग ने फोन पर घंटे भर हुई बातचीत के दौरान अपनी–अपनी एजेंसियों को ईरान के बारे में जानकारी साझा करने के आदेश जारी करने पर सहमति जताई।'' पिछले हफ्ते इजराइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया था, जिसमें ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। बाद में, ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले किए। बुधवार को रूस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इजराइल–ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने और तेहरान के परमाणु मुद्दे का हल करने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने की अपील की थी। क्रेमलिन के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने यूएई के अपने समकक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की।

### ब्रिटेन की मंत्री ने भारतीय चिकित्सक को पहला 'आईजीएफ आर्चर–अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स' प्रदान किया

**लंदन :** ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने चिकित्सक और लेखिका शालिनी मलिक को उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए बेस्टसेलर लेखकों लॉर्ड जेफरी आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर शुरू किया गया 25,000 अमेरिकी डॉलर का पहला 'आईजीएफ आर्चर–अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स' प्रदान किया। मलिक के उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझ रहे हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक और प्रासंगिक खोज के लिए उत्कृष्ट कृति के रूप में चुना गया। बुधवार को लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके–इंडिया वीक में पुरस्कार प्रदान करते हुए नंदी ने पुरस्कार के व्यापक सांस्कृतिक महत्व तथा भारत एवं ब्रिटेन के बीच साझा संबंधों पर जोर दिया।

## कोर द्वारा सरस्वती घाट, यमुना तट पर योग शिविर का आयोजन



**प्रयागराज :** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, में चल रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के क्रम में महाप्रबन्धक/कोर श्री संजय कुमार श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा/रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन/कोर–श्रीमती वन्दना श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/कोर–श्री के.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सरस्वती घाट, यमुना तट, प्रयागराज, में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों व जन मानस को योग के प्रति जागरूक करने के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में श्री श्रीवास्तव जी ने दैनिक जीवन में उपयोगी योगाभ्यास कराया और कहा की योग हमें दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विद्युत इंजीनियर (योजना)–श्री एस.एस.नेगी, प्रमुख बिजली इंजीनियर (कार्य)–श्री उपेंद्र कुमार, उप महाप्रबंधक/मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी–श्री कल्याण सिंह, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी–श्री सौरभ मिश्रा, सचिव–महाप्रबन्धक–श्री नरेन्द्र चौधरी, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर (मु.)–श्री जगदीश कुमार, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर–श्री प्रदीप तिवारी, उप महाप्रबंधक (विधि)–श्री पी. के. सिंह, वरिष्ठ सहायक वित्त सलहकार–श्री अजय कुमार लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ विधि अधिकारी/वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी–श्री एस. एन. श्रीवास्तव, सहायक कार्यकारी अभियन्ता–श्री फूल चंद, जनसम्पर्क अधिकारी/सहायक सचिव (म.प्र.)–श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## वर्ग पहेली नं. 3128



बायें से दायें:- 1) छोटा ख़ानेदार थैला, 3) आग पकड़ना, 7) गुंडागर्दी, 8) चंद्रमा, 11) प्रत्येक 13) लक्ष्मी, 15) बाप, 16) आँख से डाँटना, 18) जलपोत का समुद्र में पहुँचना, 21) भुलावा, 23) उपासक, 24) ठिंगना, 25) गाँजे की जाति का एक पौधा, 26) कब्र ij cuh bek j r] 27½ फर्जी, 28) विजय, 29) वृक्ष का धड़, 30) गीत.

ऊपर से नीचे:- 1) अंटशंट, 2) विश्राम, 3) आसानी, 4) हनुमानजी का आयुध, 5) मूर्खता, 6) प्राधान्य, 9) सच्चाई, 10) पात्र, 12) ढकोसलेबाज़; बकध्यानी, 14) वजह से, 15) शिवजी का धनुष, 17) बनावट, 19) समय, 20) हिंडोले पर झूलना, 22) सामान्य, 24) पागल हो जाना, 25) चुग़ली; कटाक्ष, 26) नहीं, 27) प्रमुख (मसजिद); परिधान.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर



## सुडोकू–पहेली–3085

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | | 9 | | | 3 | |
| | | | 1 | | | | | |
| | | 9 | | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | 8 | | |
| | 7 | | 2 | | | 4 | 9 | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | | 6 | | | | 2 | |
| 9 | 4 | | | | 1 | | | 5 |
| | | | | 3 | | | 8 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3084 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 3 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 5 | 2 |
| 5 | 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 |
| 8 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |



# शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में अग्निशमन सेवा स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की मांग की

❑ **नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाकर उठाई मांग**

❑ **शुभेंदु का दावा, तृणमूल के 14 साल के शासन में आग की घटनाओं में 150 से अधिक लोग मारे गए**



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को आग की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य में अग्निशमन सेवा स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की विधानसभा में मांग की। उन्होंने दावा किया कि राज्य में केवल 130 अग्निशमन स्टेशन हैं, जबकि कम से कम 2,000 ऐसी सुविधाओं की जरूरत है। गत सोमवार को खिदिरपुर बाजार में लगी भीषण आग का जिक्र करते हुए शुभेंदु ने राज्य सरकार से मांग की कि ऐसी घटनाओं से निपटने और निवारक उपाय करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए। शुभेंदु ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के 14 साल के शासन के दौरान आग की घटनाओं में अब तक 150 से अधिक लोग मारे गए हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में केवल 130 फायर स्टेशन हैं, जिनमें लगभग 350 दमकल गाड़ियां हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कम से कम 2,000 ऐसी सुविधाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजधानी कोलकाता में केवल 18 फायर सर्विस स्टेशन हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि इस साल 2025 में कोलकाता में पहले से ही 12 बड़ी आग की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने आश्चर्य जताया कि क्या ये महज दुर्घटनाएं हैं या नए निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए ऐसी घटनाओं के पीछे कोई तोड़फोड़ है।

### आग से तबाह हुए स्थलों पर निर्माण को बढ़ावा देने वाली कोई गतिविधि नहीं : फिरहाद हकीम

इसपर, राज्य के शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने सदन में शुभेंदु द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि ममता बनर्जी सरकार द्वारा पहले ही एक समिति बनाई जा चुकी है। हकीम समिति के अध्यक्ष हैं, जबकि पुलिस और अग्निशमन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी इसका हिस्सा हैं। हाल के दिनों में आग लगने की कुछ बड़ी घटनाओं को स्वीकार करते हुए हकीम ने कहा कि समिति एक एसओपी बनाएगी। मंत्री ने कहा कि लोगों को भी अधिक जागरूक होने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बड़ाबाजार इलाके के एक होटल में आग लगने की घटना में कई लोगों की जान चली गई थी, जिसमें कोलकाता नगर निगम की अनुमति के बिना इमारत में कुछ निर्माण किया जा रहा था। मंत्री ने ऐसी किसी संभावना से इन्कार करते हुए कहा कि आग से तबाह हुए स्थलों पर भवन निर्माण को बढ़ावा देने वाली कोई गतिविधि नहीं हुई है।

# बंगाल ने आठ खेल अकादमियां स्थापित कीं : अरूप बिस्वास

❑ **खेल एवं युवा मामलों के मंत्री ने विधानसभा में दी जानकारी**

❑ **कहा, जलपाईगुड़ी में 50 करोड़ की लागत से 27 एकड़ से अधिक भूमि पर आधुनिक खेल अकादमी स्थापित की गई है**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अरूप बिस्वास ने राज्य विधानसभा को सूचित किया कि राज्य सरकार ने खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए आठ खेल अकादमियां स्थापित की हैं। विश्वास ने प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सरकार ने जलपाईगुड़ी में 50 करोड़ रुपये की लागत से 27 एकड़ से अधिक भूमि पर एक आधुनिक खेल अकादमी स्थापित की है। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) के सहयोग की आवश्यकता है, ताकि राज्य प्रतिभा खोज अभियान को व्यापक रूप से चला सके। उन्होंने साथ ही कहा कि यदि वे (केंद्र) इसमें असमर्थ पाए जाते हैं, तो राज्य अपने आप ही ऐसा करेगा। मंत्री ने सदन को बताया कि राज्य सरकार 1,557 खिलाड़ियों को मासिक अनुदान देती है। भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष के एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा कि इस साल संतोष ट्राफी चैंपियन बंगाल के 22 सदस्यों को नौकरी दी गई है। मंत्री ने कहा कि हम अपने खिलाड़ियों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिस्वास ने सदन में अपने भाषण के दौरान यह भी टिप्पणी की कि 2026 में भी खेला होगा। हालांकि, मंत्री ने अपनी खेला होबे टिप्पणी के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

The e-Tender has been called for Tant Bastra Mela Belur 2025. NIT No. DOH/HOW/MELA/NIT 01/2025-2026 Dated 20.06.25 and DOH/HOW/MELA/NIT 02/2025-2026 Dated 20.06.25. Last date 07.07.25 at 3.00 p.m. For details visit www.wbtenders.gov.in
Handloom Development Officer
Howrah

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**
**खुली ई–निविदा सूचना**
**खुली निविदा सं.:- EL/CON/498, दिनांक:- 10.06.2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/रखरखाव/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, नीचे सूचीबद्ध निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (**www.ireps.gov.in**) के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ये निविदाएं कार्य हेतु निर्धारित तिथि को **15:00 बजे** तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाएं उसी दिन (उद्घाटन तिथि) **15:00 बजे** के तुरंत बाद खोली जाएंगी। **क्र.सं.: [1]। निविदा सं.: EL/CON/498। कार्य का विवरण: सीएलडब्ल्यू टाउनशिप क्षेत्र (Amladahi Area) में स्ट्रीट लाइट का उन्नयन । निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि:** 02.07.2025। **अनुमानित मूल्य (रूपये): 3,18,93,625.18/–। बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रूपये): 3,09,500/–।** समापन अवधि: 6 महीने। **निविदा की वैधता:** 60 दिन। **निविदा दस्तावेज की लागत:** IREPS पोर्टल से डाउनलोड करने के लिए शून्य और Dy.CEE/M से प्राप्त करने के लिए ₹ 10,000.00। नोट: 1. बोली लगाने वाले को सभी आवश्यक योग्यता दस्तावेज और पैन/जीएसटीआईएन की स्कैन की गई प्रतियां IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। 2. ई–टेंडर में भाग लेने के लिए बोली लगाने वाले के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) होना चाहिए। 3. कार्य लागू करों के अधीन होगा, जिसमें जीएसटी, बीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू (भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण), आयकर और नियमों के अनुसार अन्य वैधानिक कर शामिल होंगे। 4. कार्य के लिए लागू समान प्रकृति के कार्यों की परिभाषा इस प्रकार है: कार्य की समान प्रकृति है, **'स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम/प्लेटफॉर्म लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना या एचटी/एलटी भूमिगत नेटवर्क की आपूर्ति, स्थापना'।** 5. निविदा दस्तावेज और निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।
**PR2/090** डीवाई. सीईई(एम)/चिरेका/चित्तरंजन
"Like us on: www.facebook.com/clwrailways"

### भाजपा सांसद अभिजीत गांगोपाध्याय की स्थिति चिंताजनक, एयर एम्बुलेंस से लाए गए दिल्ली



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय को बेहतर इलाज के लिए गुरुवार को एम्स–नयी दिल्ली में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दरअसल, कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गंगोपाध्याय को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सेप्सिस के साथ तीव्र अग्नाशयशोथ की समस्या का पता चला है। गंगोपाध्याय (63) का शनिवार रात से कोलकाता के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बुधवार से ही उनको एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाने की चर्चा थी। हालांकि, गुरुवार की शाम करीब 4 बजे उन्हें अस्पताल से निकालकर एंबुलेंस में ले जाया गया। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दमदम एयरपोर्ट तक ले जाया गया। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, उन्हें शाम 5.35 बजे की फ्लाइट से दिल्ली ले जाया गया। सांसद की गंभीर स्थिति को देखते हुए एयर एंबुलेंस में सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, अभिजीत गांगोपाध्याय की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और वे ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं।

# कोलकाता हाईकोर्ट का निर्देश: आज ही शुरू हो नगरपालिका की नियुक्ति प्रक्रिया

## ओबीसी सर्टिफिकेट पर दिए अहम निर्देश

**कोलकाता :** ओबीसी आरक्षण से जुड़ी कानूनी जटिलताओं के बीच कोलकाता हाईकोर्ट ने गुरुवार को नगरपालिका की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर बड़ा फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति कौशिक चंद्र की एकल पीठ ने कोलकाता नगर निगम में सहायक अभियंता पद पर भर्ती से जुड़ी पुरानी अधिसूचना को रद्द कर दिया और 2010 से पहले के वैध ओबीसी प्रमाणपत्रधारी 66 मान्य समुदायों के आधार पर नई भर्ती प्रक्रिया आज से शुरू करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि डिवीजन बेंच (न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा) पहले ही 2010 के बाद के सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर चुका है, ऐसे में नए सिरे से प्रक्रिया डिवीजन बेंच के निर्देशों के अनुरूप ही चलनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान कोलकाता नगर निगम के आयुक्त और म्युनिसिपल सर्विस कमीशन के चेयरमैन ने वर्चुअली कोर्ट में हाजिरी दी। कोर्ट ने दो टूक कहा, कोई भी भर्ती या प्रवेश प्रक्रिया बेवजह रोकी नहीं जानी चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्र ने निगम के वकील को निर्देश दिया कि राज्य सरकार से 78 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आज ही अनुमोदन मांगा जाए। सरकार को सात दिनों के भीतर अनुमति प्रदान करनी होगी, ताकि प्रक्रिया समय से शुरू हो सके।

गौरतलब है कि पहले जारी अधिसूचना में ओबीसी (ए) के लिए 8 पद और ओबीसी (बी) के लिए 5 पद आरक्षित थे। इस पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में मामला दर्ज हुआ था, जिसमें याचिकाकर्ताओं ने कहा कि यह 2010 के बाद दिए गए अवैध ओबीसी प्रमाणपत्रों पर आधारित है, जो कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है।

अब कोर्ट के इस आदेश के बाद नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है।

### प्रसिद्ध लेखक प्रफुल्ल रॉय का 91 वर्ष की उम्र में निधन, मुख्यमंत्री ममता ने जताया शोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रसिद्ध बंगाली लेखक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता प्रफुल्ल रॉय का गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे कोलकाता के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 91 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वह लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे और मार्च से ही अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन से बंगाली साहित्य जगत में शोक की लहर है। प्रफुल्ल रॉय का जन्म 1934 में ब्रिटिश भारत के विक्रमपुर (अब बांग्लादेश के मुंशीगंज जिले) में हुआ था। विभाजन के बाद उन्होंने 1950 के दशक में कोलकाता को अपना ठिकाना बनाया। प्रफुल्ल रॉय की लेखनी का केंद्र मध्यमवर्गीय और निम्न मध्यमवर्गीय बंगालियों के जीवन से जुड़ा रहा। इधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रॉय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रफुल्ल रॉय की रचनाओं में शरणार्थियों का दुःख, संघर्ष और मानवीय पीड़ा स्पष्ट दिखाई देती थी। 'केया पातर नौको' उनकी कालजयी कृति है। उन्होंने यह भी याद किया कि राज्य सरकार ने 2012 में एक समारोह में उन्हें सम्मानित किया था।

**NAME AND D.OB CHANGE**
I, Mayarani Guin mother of service No.15677351Y, Rank- Havildar (Hav), Name- Somnath Guin permanent resident of Vill. & P.O.- Jagadalla, P.S.& Dist.- Bankura (West Bengal), Pin- 722172. do hereby declare that I changed my name & D.O.B from Maya Guin (D.O.B- 01/07/1960) to Mayarani Guin (D.O.B- 02/01/1962). Vide affidavit Before the Notary Public Bankura Hafizur Rahman Govt. of W.B Bankura Court dated 18.06.2025.

### 99बसीरहाट में सड़क हादसा स्कूल की शिक्षिका की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बसीरहाट अनुमंडल के हिंगलगंज थाना क्षेत्र के किशन मंडी इलाके में बाइक दुर्घटना में एसएसके स्कूल की शिक्षिका दीपाली मंडल (63) की मौत हो गई। हादसे के वक्त वह रोज़ाना की तरह स्कूल जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान हसनाबाद की ओर से आ रही तेज़ रफ्तार बाइक ने उन्हें कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शी सुकांत सरकार के मुताबिक, शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर बाइक चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बजबज में घायल भाजपा कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पर फेंके गए जूते, नारेबाजी व हंगामा

❑ **पश्चिम बंगाल में आपातकाल जैसी स्थिति : सुकांत मजूमदार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना बजबज इलाके में गुरुवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार को स्थानीय लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। मामला तब गरमाया जब सुकांत एक घायल पार्टी कार्यकर्ता से मुलाकात करने पहुंचे। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें घेर कर अभद्रता करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि जिस तरह से हम पर ईंट–पत्थर और जूते फेंके गए हैं, यह पूरी घटना तृणमूल कांग्रेस की साजिश के तहत की गई है। इसे अंजाम देने वाले सभी लोग जिहादी हैं। वहीं, प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि मनरेगा के तहत 100 दिनों के काम की बकाया राशि अब तक नहीं मिली है। इसी को लेकर नाराज स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। शुरुआत में, पुलिस ने हालात को संभालने की कोशिश की, लेकिन भीड़ के आक्रोश को देखते हुए अंततः रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) को तैनात करना पड़ा। घटना के बाद, सुकांत मजूमदार ने पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि बवाल करने के लिए जिहादियों को बुलाया गया था, क्या यही लोकतंत्र है? केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार इस घटना को लेकर काफी भड़के नजर आए। उन्होंने इस घटना की शिकायत की केंद्रीय गृह मंत्रालय से करने की बात भी कही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस घटना के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय को जानकारी देंगे कि कैसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रची गई है। केंद्रीय मंत्री सुकांत ने कहा कि इन जिहादियों में कई लोग ऐसे भी हैं जो बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। उनके पूर्वज भारत के रहने वाले नहीं थे। यह सभी बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ कर भारत में आए हैं और भारत में हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल को पाकिस्तान बनाकर छोड़ दिया है।




**पूर्व रेलवे**
सीनि. डीईएन/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच। क्रमांक 1, 88_2025-26, दिनांक 16.06.2025, कार्य का विवरण :** एईएन/बीडब्ल्यूएन के क्षेत्राधिकार के अधीन एलएचएस सं. 2 एवं 10 में पम्प रूम का प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित लागत :** रु. 1,19,77,237.80; **बयाना राशि :** रु. 2,09,900। **समापन अवधि :** 6 महीने। **क्रमांक 2, 89_2025-26, दिनांक 16.06.2025, कार्य का विवरण :** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीडब्ल्यूएन अनुभाग में केएएन तथा जीआरपी स्टेशन के पीएफ को ऊंचा करना एवं मौजूदा सतह का विकास तथा एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन टीआईटी स्टेशन की लैटरल और वर्टिकल दूरी के संबंध में पीएफ को ऊंचा करना तथा मौजूदा सतह का विकास तथा एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीडब्ल्यूएन अनुभाग में सीएचसी स्टेशन के पीएफ को ऊंचा करना तथा मौजूदा सतह का विकास। **अनुमानित लागत :** रु. 5,13,54,751.28; **बयाना राशि :** रु. 4,06,800। **समापन अवधि : 12 महीने। निविदा प्रपत्र की कीमत :** प्रत्येक के लिए शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** प्रत्येक के लिए दिनांक 08.07.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-151/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच। ई-निविदा सं. : 86_2025-26, दिनांक 18.06.2025, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल के एसबीजी लूप, आरपीएच-दुमका, बीबी लूप, मेन लाइन, एचबीसी, एसीपीएल लाइन, बीडब्ल्यूएन-केडब्ल्यूई, एसएचई-जीओजीटी अनुभाग में विभिन्न कम्पोजिट गर्डरों, डेक टाइप गर्डरों, सेमी थ्रू गर्डरों तथा ओपन वेब गर्डरों में साइड पाथवे का प्रावधान। **अनुमानित लागत :** रु. 9,98,14,443.40; **बयाना राशि :** रु. 6,49,100। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 09.07.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीएस) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-152/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू-272-252-टी1-55, दिनांक 18.06.2025,** मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समतुल्य प्रकृति के कार्य का समुचित अनुभव तथा संतोषजनक न्यूनतम पात्रता के मानदंड रखने वाले अनुभवी एवं स्थापित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर दो पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान :** एलएलएच-सीजीआर स्वचालित अनुभाग में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) के प्रयोग द्वारा ऑटो सिग्नलिंग का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 34,53,68,503.92; **बयाना राशि:** रु. 18,76,900; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 18 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 90 दिन। **निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम (बंद होने की) तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को 14.00 बजे तक। **वेबसाइट का पता, निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने का समय तथा तारीख:** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर दिनांक 18.06.2025 से। **खुलने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को 15.30 बजे। पात्र निविदादाताओं की वित्तीय बोलियां बाद में सूचित की जाने वाली तारीख एवं समय पर खोली जाएगी। **वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती है:** बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाताओं को भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी www.ireps.gov.in पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, आवश्यकता पड़ने पर, सिर्फ इस वेबसाइट पर जारी की जाएगी। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। (CON-15/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकी साजिश मामले में सुनाई 6 साल के कठोर कारावास की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने गुरुवार को जमात–उल–मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के भारत विरोधी आतंकी साजिश मामले में एक आरोपी को 6 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। नजीउर रहमान पावेल उर्फ जॉयराम ब्यापारी उर्फ जोसेफ को आईपीसी की धारा 120बी, 468 और 471, यूए(पी) अधिनियम की धारा 18 और 38 तथा विदेशी अधिनियम की धारा 14ए(बी), भारतीय पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12 के तहत सजा सुनाई गई है। सजा के अलावा अदालत ने उसे 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोलकाता के एसटीएफ ने जुलाई 2021 में बांग्लादेशी नागरिक शेख शब्बीर, जोसेफ और अन्य के भारत में अवैध प्रवेश के संबंध में मूल रूप से मामला दर्ज किया था। जेएमबी के सदस्यों/सहानुभूतियों ने अपने अज्ञात सहयोगियों के साथ मिलकर भारत और बांग्लादेश के भीतर से युवा मुस्लिम युवकों की भर्ती और उन्हें प्रेरित करके भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रची थी। अगस्त 2021 में मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने जनवरी 2022 में पांच आरोपियों के खिलाफ अपना मुख्य आरोपपत्र दाखिल किया। सभी पांच फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आरोपी रबीउल इस्लाम को नवंबर 2024 में आरसी–19/2021/एनआईए/डीएलआई मामले में पांच साल के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। बाकी तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा जारी है।

# दमदम एयरपोर्ट के पास निर्माण को लेकर नई गाइडलाइन जारी, 20 किमी के दायरे में अब एनओसी अनिवार्य!

**कोलकाता :** अहमदाबाद में हाल ही में हुई एयर इंडिया की विमान दुर्घटना के बाद दमदम के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के इलाकों में भवन निर्माण को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है। एयरपोर्ट प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि हवाई अड्डे के 20 किलोमीटर के दायरे में किसी भी तरह के निर्माण के लिए अब एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) लेना अनिवार्य होगा। यह जानकारी राज्य के मंत्री और मध्यमग्राम विधायक रथीन घोष ने गुरुवार को विधानसभा में दी।



रथीन घोष ने बताया कि मध्यमग्राम नगरपालिका को पहले ही एयरपोर्ट से नोटिस प्राप्त हो चुका है, और पुराने नियमों के तहत भी नगरपालिका निर्माण कार्यों के लिए पहले एयरपोर्ट की अनुमति मांगती रही है। उन्होंने कहा कि नई गाइडलाइन की सभी शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उनका पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

गौरतलब है कि अहमदाबाद हादसे में एक एयर इंडिया का विमान बीजे मेडिकल कॉलेज की कैंटीन पर गिर गया था, जिससे कई लोगों की मौत हुई। इस दुखद घटना को ध्यान में रखते हुए, दमदम, मध्यमग्राम, न्यू बराकपुर, बिधाननगर और उत्तर दमदम जैसे इलाकों को एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से चेतावनी दी गई है।

नई गाइडलाइन के अनुसार, फतेशा खाल के किनारे बहुमंजिला इमारतों के निर्माण के लिए विशेष अनुमति जरूरी होगी। एयरपोर्ट की ओर से अब अधिकतम ऊंचाई 45 मीटर से भी कम रखे जाने की संभावना है।

हालांकि, अब सवाल यह उठ रहा है कि जो बहुमंजिला इमारतें पहले से मौजूद हैं, उनके संबंध में सरकार और एयरपोर्ट प्रशासन क्या रुख अपनाएंगे, इस पर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**पूर्व रेलवे**
**हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली एलएचबी रेकों वाली 16 यात्री वाही ट्रेनों के 16 अदद आरएसएलआर कम्पार्टमेंटों के पार्सल की जगह पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के जरिए दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली एलएचबी रेकों वाली 16 यात्री वाही ट्रेनों के 16 अदद आरएसएलआर के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए मर्चेंटों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना आवश्यक है। **नीलामी सूचीपत्र का विवरण: ●नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल25-6जी; **कम्पार्टमेंट :** एलएचबी रेकों वाली 16 यात्री वाही ट्रेनों के 16 अदद आरएसएलआर कम्पार्टमेंट। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 27.06.2025 को 13.00 बजे।
(HWH-149/2025-26) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विधानसभा अध्यक्ष ने सदन छोड़ने पर भाजपा विधायकों के भाषणों को कार्यवाही से हटाया

❑ **मंत्री के जवाबी भाषण के समय विपक्षी विधायकों के सदन छोड़ने पर तृणमूल ने जताई कड़ी आपत्ति**

❑ **पश्चिम बंगाल बिक्री कर (विवादों का निपटान) संशोधन विधेयक ध्वनिमत पारित**



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने गुरुवार को दो भाजपा विधायकों के भाषणों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया, क्योंकि वे पार्टी के अन्य विधायकों के साथ पश्चिम बंगाल बिक्री कर (विवादों का निपटान) संशोधन विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेने के तुरंत बाद मंत्री के जवाबी भाषण के वक्त सदन से बाहर चले गए थे। विपक्षी भाजपा सदस्यों की अनुपस्थिति में, वित्त मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा जवाबी भाषण दिए जाने के बाद संशोधन विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बाद में, भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने विधेयक का अध्ययन करने के लिए बहुत कम समय दिए जाने पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए मंत्री के जवाब से पहले सदन छोड़ने का फैसला किया। दरअसल, विधेयक पर चर्चा के बाद वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने जैसे ही जवाबी भाषण शुरू किया, सदन में मौजूद सभी भाजपा विधेयक बाहर निकल गए। इसपर, मंत्री सहित सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद, विधानसभा अध्यक्ष ने भी मंत्री के जवाबी भाषण के समय विपक्षी सदस्यों के सदन छोड़ने को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए भाजपा विधायकों अशोक लाहिड़ी और अंबिका राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के दौरान दिए गए भाषणों को कार्यवाही से हटाने की घोषणा की। इस संबंध में, तृणमूल द्वारा शुक्रवार को एक प्रस्ताव भी लाया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि बंगाल विधानसभा के नियमों के अनुसार, सदस्य अपने भाषण देने के तुरंत बाद सदन नहीं छोड़ सकते।

❑ **मंत्री ने भाजपा विधायकों के आचरण की निंदा की**

इससे पहले मंत्री चंद्रिमा ने भाजपा विधायकों के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि यह सही है कि सदन विपक्ष का भी है, लेकिन खुद बोलकर जवाब के समय वे सदन छोड़कर भाग जाएंगे, ये नहीं चलेगा। उन्होंने अध्यक्ष से इस मामले में कार्रवाई की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने भी भाजपा विधायकों के आचरण की निंदा करते हुए कहा कि मंत्री का जवाब सुनना होगा। यह संसदीय रीति–नीति है। उन्होंने शिकायत की कि अक्सर भाजपा विधायक पहले जो खुशी वह सदन में बोल देते हैं और मंत्री के जवाब के समय सदन से चले जाते हैं। यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि तब तो जैसा भाजपा विधायक करते हैं उसे तरह उनके बोलने के समय तृणमूल के सदस्य भी सदन से चले जाएंगे।

❑ **विधेयक संशोधन का उद्देश्य करदाता और सरकार को लाभ पहुंचाना**

विधेयक पर बोलते हुए मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि संशोधन का उद्देश्य करदाता और राज्य सरकार दोनों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यदि मूल कर की वसूली कानूनी विवादों में पड़े बिना समझौते के माध्यम से की जा सकती है तो यह करदाता और राज्य सरकार दोनों के लिए जीत वाली स्थिति होगी।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# बांकुड़ा और पश्चिम मेदिनीपुर में बाढ़ जैसे हालात, लगातार बारिश से टूटी सड़कें और पुल

**बांकुड़ा/पश्चिम मेदिनीपुर :** मानसून की सक्रियता ने राज्य के कई जिलों में तबाही मचा दी है। बांकुड़ा और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मंगलवार से जारी मूसलधार बारिश ने शिलाबती और तमाल जैसी नदियों को उफान पर ला दिया है, जिससे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। शिलाबती नदी पर स्थित सिमलापाल पुल पर गुरुवार के तड़के से पानी बहने लगा, जिसके चलते बांकुड़ा-झाड़ग्राम राज्य सड़क पर यातायात पूरी तरह बंद हो गया। पुल पार करने के प्रयास में तीन ट्रक बीच पानी में फंस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों



ने मिलकर सुरक्षित निकाला। भेलाइडीहा पुल भी शिलाबती के तेज बहाव में डूब चुका है।

लगातार बारिश से पश्चिम मेदिनीपुर के गड़बेता एक ब्लॉक और गड़बेता दो ब्लॉक के तीन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। चंद्रकोणा और घाटाल महकमा के कई इलाके पानी से घिरे हैं। प्रशासनिक प्रयासों के तहत सैकड़ों लोगों को राहत शिविरों में शरण दी जा रही है। गड़बेता दो के बीडीओ देवऋषि बनर्जी ने बताया कि सरबत, जोगारडांगा और पियाशाला इलाकों में पानी भर चुका है और वहां से लोगों को सुरक्षित निकाला जा रहा है। पंचायत समिति के सभापति दिनबंधु दे ने बताया कि तीन क्षेत्रों के सौ से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, हालांकि पालाशिया में कुछ लोग अब भी फंसे हुए हैं। शिलाबती नदी के तेज बहाव से मायता-गोयालतोड़-बांकुड़ा पक्की सड़क टूट चुकी है, जिससे संपर्क पूरी तरह टूट गया है। कई इलाकों में नदी किनारे की खेती योग्य भूमि जलमग्न हो गई है। साथ ही, गड़बेता एक और दो ब्लॉकों की कई सड़कें और पुल भी बह गए हैं।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सौम्यशंकर षड़ंगी ने बताया कि गड़बेता के नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पानी में डूब चुके हैं। स्वास्थ्य कर्मी वहां पहुंचने में असमर्थ हैं। प्रशासन से नाव की मांग की गई है, हालांकि सभी केंद्रों और राहत शिविरों में दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी खुर्शीद अली कादरी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और बीडीओ तथा स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर खोल दिए गए हैं और वहां भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# ओबीसी आरक्षण पर स्थगन के बावजूद खुले कॉलेज पोर्टल, हाईकोर्ट में राज्य सरकार पर अवमानना का मामला

**कोलकाता :** ओबीसी आरक्षण मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को फिर एक बार कोलकाता हाईकोर्ट से झटका लगा है। जहां एक ओर अदालत ने ओबीसी आरक्षण से संबंधित नई अधिसूचना पर भी अंतरिम स्थगन (स्टे ऑर्डर) जारी कर रखा है, वहीं दूसरी ओर कॉलेजों में दाखिले का ऑनलाइन पोर्टल चालू रखने पर अब राज्य सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

गुरुवार को इस याचिका को हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्पष्ट तौर पर आरोप लगाया गया है कि अदालत के निर्देश के बावजूद राज्य सरकार ने कॉलेज दाखिले के पोर्टल को सक्रिय रखा है, और उसमें अब भी ओबीसी-ए और ओबीसी-बी श्रेणियों का उल्लेख किया गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि दाखिला प्रक्रिया में आरक्षण के पुराने मानदंडों को ही लागू किया जा रहा है।

इस मुद्दे पर याचिकाकर्ता के वकील विक्रम बंद्योपाध्याय ने अदालत का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अदालत के आदेशों की अनदेखी कर राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने नियमों को उल्लंघन किया है। इस अवमानना याचिका में मुख्य सचिव और उच्च शिक्षा विभाग को पक्षकार बनाया गया है।

गौरतलब है कि मंगलवार को शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने इस पोर्टल की शुरुआत की थी, जबकि उसी दिन अदालत ने राज्य सरकार की नई ओबीसी अधिसूचना पर भी स्थगन आदेश पारित किया था। इससे पहले 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए थे, और विधानसभा से नई सूची जारी करने को कहा गया था।

अब यह विवाद और गहराता नजर आ रहा है, क्योंकि एक ओर अदालत का आदेश है, दूसरी ओर सरकार की कार्रवाई उससे मेल नहीं खा रही। यह देखना दिलचस्प होगा कि हाईकोर्ट इस अवमानना याचिका पर आगे क्या रुख अपनाता है।

## निक्सी 2003 से भारत की इंटरनेट शक्ति को बना रहा है मज़बूत

**कोलकाता :** नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (निक्सी) 'निक्सी डे' मना रहा है, जो देश के डिजिटल सफर में उसके दो दशक से भी ज्यादा के योगदान को चिन्हित करता है। आज भले ही हम हर दिन ऐप्स और कंटेंट के जरिए इंटरनेट का इस्तेमाल सहज रूप से करते हैं, लेकिन इसके पीछे जो मज़बूत तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर काम करता है, उसे निक्सी जैसे संस्थान बड़ी ही शालीनता से संभालते हैं। डॉ. देवेश त्यागी, सीईओ, निक्सी, ने 'निक्सी डे' के अवसर पर कहा, निक्सी डे मनाने के रूप में हम अपने मिशन को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। एक मजबूत इंटरनेट, एक मजबूत भारत की नींव है। हमारा उद्देश्य है कि भारत का इंटरनेट लोकल रहे, उसकी पहचान वैश्विक हो और वह भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार हो।

# फर्जी पुलिस अधीक्षक बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर आर्थिक ठगी, गरफा से गिरफ्तार

❑ **आरोपित के पास से फर्जी दस्तावेज, 5.5 लाख नकद, पुलिस की वर्दी व नीली बत्ती भी बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** खुद को पुलिस अधीक्षक यानी एसपी बताकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में आमडांगा थाने की पुलिस ने कोलकाता के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पता चला है कि आरोपी सुष्मित सेन उर्फ रनजॉय चटर्जी कोलकाता के गरफा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। उसका घर उत्तर 24 परगना के गंगानगर इलाके में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस युवक के खिलाफ आमडांगा थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उस पर खुद को एसपी बताकर पैसे निकालने का आरोप है। गिरफ्तार सुष्मित सेन उर्फ रनजॉय चटर्जी पिछले चार महीने से गरफा के 9/1 कालीतला रोड इलाके में किराए के मकान में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर रह रहा था। इधर, पुलिस ने गिरफ्तार युवक के गरफा थाना क्षेत्र स्थित घर की भी तलाशी ली। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, वहां से कई फर्जी दस्तावेज, 5.5 लाख रुपये, पुलिस की वर्दी, आईफोन का लेटेस्ट मॉडल और लाखों रुपये के तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। कोलकाता पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि सुष्मित के घर से नीली बत्ती वाली एक कार और राज्य पुलिस का लोगो लगी एक बाइक भी बरामद की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सुष्मित उस नीली बत्ती वाली कार में घूमता था। वह अपना नाम रनजॉय चटर्जी बताता था। वह खुद को पुलिस अधीक्षक बताता था। अपने हाथ में रखे महंगे फोन से लोगों को राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने का तरीका भी बताता था। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, सुष्मित राज्य पुलिस का होमगार्ड था। उस पर अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप था। उसके बाद उसकी नौकरी चली गई। स्वाभाविक है कि उसने ऐसी कौन सी लापरवाही की कि उसे अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा! लालबाजार सूत्रों के अनुसार, वह एक आरोपी को मेडिकल जांच के लिए ले जाने गया था। उस समय आरोपी भाग गया। उस घटना के कारण सुष्मित की नौकरी चली गई। उसके इन सारे नए कारनामों के सामने आने के बाद सवाल उठता है कि क्या उसकी लापरवाही के कारण आरोपी भाग गया या फिर उसने आर्थिक लाभ के लिए आरोपी को भागने दिया? स्वाभाविक है कि अब यह मामला भी जांच के दायरे में आ सकता है।

## जीएसआई पूरे देश में 50 कार्यक्रमों के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) पूरे देश में भागीदारी के साथ 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने की तैयारी कर रहा है। इस वर्ष की थीम, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को चिह्नित करते हुए, जीएसआई ने अपने कर्मियों और जनता के बीच समग्र स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 46 स्थानों पर 50 कार्यक्रमों की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, जीएसआई कोलकाता में अपने केंद्रीय मुख्यालय, क्षेत्रीय और राज्य इकाई कार्यालयों, 12 भू-विरासत स्थलों, 6 ड्रिलिंग फील्ड कैंपों और 3 प्रशिक्षण केंद्रों में निर्देशित योग सत्र आयोजित करेगा। जीएसआई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 1-दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम में भी भाग लेगा, जो माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी।

## आर्मेनियम घाट युवक समिति ने विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्मेनियम घाट युवक समिति के तत्वावधान में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान, एक मिनट का मौन और मोमबत्तियां जलाई गई। इस सभा में उत्तर कोलकाता के जय हिंद वाहिनी के अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह, प्रदेश टीएमसी माइनॉरिटी सेल के अध्यक्ष फरीद खान, महासचिव इंतेजमुल हक, शैलेश मिश्रा, उमाशंकर प्रसाद, एजाज अहमद, क्रिश्चियन समुदाय से अंजलि गोम्स, नीतू शर्मा, संतोष सिंह, मोहम्मद सलमान, विनोद सिंह हिंदुस्तानी, दीपक ठाकुर, इंद्रजीत सिंह, कपिल शर्मा, राजकुमार जायसवाल, बृजेश मिश्रा, आनंद गुप्ता,,संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी दारा सिंह, रतन बनीक समेत अन्य उपस्थित रहे।

## राजकुमार राव और पत्रलेखा के साथ 'द सिलेक्ट वन्स के लिए' अभियान लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में शॉर्ट फिल्मों के प्रतिष्ठित मंच रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ने अपना नया थीम आधारित अभियान 'द सिलेक्ट वन्स के लिए' लॉन्च किया है। इस अभियान में राजकुमार राव और पत्रलेखा की भागीदारी है। एफसीबी नियो द्वारा परिकल्पित यह अभियान उन लोगों को समर्पित है जो सोच-समझकर निर्णय लेते हैं, अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करते और उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहते हैं। परनोड रिकार्ड इंडिया के सीएमओ कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा कि यह मंच अब शॉर्ट फिल्मों के लिए भारत में एक विश्वसनीय गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि नया अभियान इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निडर सोच और गहरे दृष्टिकोण को सम्मान देता है। एफसीबी नियो के मयुरेश दुबाशी ने कहा कि फिल्म उन चुनावों की गहराई को दर्शाती है जो हमारी असली पहचान बनाते हैं। राजकुमार राव ने कहा, यह अभियान ईमानदारी और आत्मिक सच्चाई को महत्व देने वाला है।

# श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी विद्यालय में छात्रवृत्ति वितरण समारोह संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी विद्यालय में छात्रवृत्ति वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में इंद्राज मल नाहाटा (सचिव), चंद्र राज भंडारी (दाता, चंद्रराज भंडारी छात्रवृत्ति), प्रकाश चंद नाहर (अध्यक्ष, छात्र विभाग), माल चंद सिंघी (अध्यक्ष, छात्रा विभाग), कृति कुमार नौलखा और भीकम चंद नाहटा (सदस्य, छात्र समिति) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस समारोह की शुरुआत प्रकाश चंद नाहर द्वारा छात्रवृत्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। वहीं, माल चंद सिंघी ने चंद्र राज



भंडारी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान चंद्र राज भंडारी ने माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विभाग के आलोक कुमार महतो एवं छात्रा विभाग की अनुष्का तिवारी को चंद्र राज भंडारी छात्रवृत्ति पुरस्कार राशि 12,500 प्रदान की।

## आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया सुपर टर्म प्लान

**कोलकाता :** आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएसएलआई), भारत की अग्रणी विविध वित्तीय सेवा कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल की जीवन बीमा सहायक कंपनी ने एबीएसएलआई सुपर टर्म प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह ऑल-इन-वन शुद्ध सुरक्षा टर्म इंश्योरेंस बिल्ट-इन स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं के साथ-साथ लक्ष्य-संबद्ध वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह लॉन्च कंपनी के ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और पॉलिसीधारकों की समग्र भलाई का समर्थन करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री कमलेश राव ने कहा, एबीएसएलआई में, हम व्यक्तियों और परिवारों को ऐसे बीमा समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो स्थायी सुरक्षा और मन की शांति प्रदान करते हैं। एबीएसएलआई सुपर टर्म प्लान को लचीले कवरेज, इन-बिल्ट स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं और गंभीर बीमारी और विकलांगता सहित जीवन की अनिश्चितताओं के खिलाफ सुरक्षा के माध्यम से व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कैलिफोर्निया बादाम को बनाएं स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है और यह अवसर हमें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग को यदि संतुलित आहार के साथ जोड़ा जाए, तो इसके लाभ और अधिक बढ़ जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे आहार में प्रोटीन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की प्रमुख भूमिका होती है। कैलिफोर्निया बादाम प्रोटीन का एक प्राकृतिक और स्वादिष्ट स्रोत है, जो योगाभ्यास के दौरान ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है। इनमें 15 जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं और यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की रीजनल हेड ऑफ डायटेटिक्स रितिका समद्दार कहती हैं, योग एक जीवनशैली है जो शारीरिक और मानसिक संतुलन प्रदान करता है। इसका प्रभाव तभी पूर्ण होता है जब इसे पौष्टिक आहार के साथ जोड़ा जाए। मैं योग करने वालों को बादाम जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को रोज़ाना के भोजन में शामिल करने की सलाह देती हूं।

## हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 18 जून को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अस्पताल द्वारा बी.आर. सिंह अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस शिविर में अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सा अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान लगभग 25 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

## कोटक सिक्योरिटीज ने लर्निंग प्लेटफॉर्म कोटक स्टॉकशाला किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की प्रमुख ब्रोकरेज फर्म कोटक सिक्योरिटीज ने निवेशकों और ट्रेडर्स के लिए एक नया बहुभाषी वीडियो और टेक्स्ट आधारित फ्री लर्निंग प्लेटफॉर्म कोटक स्टॉकशाला लॉन्च किया है। यह प्लेटफॉर्म कोटक नियो ऐप पर उपलब्ध है और इसका उद्देश्य निवेश शिक्षा को देशभर के लोगों के लिए आसान और सुलभ बनाना है। इसमें वीडियो कोर्स के साथ-साथ 200 से अधिक अध्यायों में विभाजित टेक्स्ट कोर्स भी हैं, जो हिंदी और अंग्रेज़ी में उपलब्ध हैं। जल्द ही अन्य क्षेत्रीय भाषाएं भी जोड़ी जाएंगी। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण की शुरुआत जानकारी से होती है और स्टॉकशाला इसी सोच का विस्तार है। प्रेसिडेंट आशीष नंदा ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म शुरुआती से लेकर अनुभवी निवेशकों तक सभी के लिए फायदेमंद होगा। कंपनी का लक्ष्य साल के अंत तक 10 कोर्स उपलब्ध कराने का है, जिससे निवेशक बाजार की जटिलताओं को बेहतर तरीके से समझ सकें।

## आईसीसी के यंग लीडर्स फोरम ने एन ईवनिंग ऑफ इन्वेस्टमेंट इनसाइट्स का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के यंग लीडर्स फोरम (वाईएलएफ) द्वारा गुरुवार को कोलकाता के ताज बंगाल में एन ईवनिंग ऑफ इन्वेस्टमेंट इनसाइट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन भारत के युवा उद्यमियों और पेशेवरों के लिए वित्तीय समझ, निवेश की रणनीतियों और नेटवर्किंग के अवसरों से भरपूर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत वीसी ग्रिड द्वारा संचालित एंजेल इन्वेस्टमेंट मास्टरक्लास से हुई, जो भारत के अग्रणी मल्टी-स्टेज वेंचर कैपिटल प्लेटफॉर्म वेंचर कैटालिस्ट्स द्वारा समर्थित था। इस सत्र ने प्रतिभागियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम की बारीकियों को समझने और एंजेल निवेश के क्षेत्र में पहला कदम उठाने के लिए प्रशिक्षित किया। इसके बाद देश के अग्रणी फंड मैनेजरों में से एक, एक्टिटास के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर सिद्धार्थ भैया द्वारा एक पावर सेशन आयोजित किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को वर्तमान अस्थिर बाजार परिस्थितियों में जोखिम प्रबंधन, धन सृजन के अवसर पहचानने और एक ठोस निवेश पोर्टफोलियो बनाने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। सत्रों का संचालन वाईएलएफ 2025 के संयुक्त चेयरमैन सागर अग्रवाल ने किया, जो युवा पेशेवरों के लिए विचारशील मंचों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

# सियालदह मंडल का विधाननगर और दमदम स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण हेतु ठोस पहल

**कोलकाता, समाज्ञा**

सियालदह मंडल ने विधाननगर और दमदम जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले उपनगरीय रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाने का निर्णय लिया है। डीआरएम राजीव सक्सेना के नेतृत्व में भीड़ नियंत्रण की दिशा में रियल-टाइम रणनीति अपनाई जा रही है। इस क्रम में विधान-नगर स्टेशन को 'वेंडर-फ्री स्टेशन' घोषित किया जाएगा, जिसके तहत सभी अधिकृत और अनधिकृत विक्रेताओं को हटाकर यात्रियों के लिए अधिक स्थान उपलब्ध कराया जाएगा ताकि भीड़भाड़ के समय भगदड़ जैसी घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही, दमदम स्टेशन के आरपीएफ बैरक के निकट दूसरे प्रवेश द्वार पर एक नया टिकट बुकिंग कार्यालय स्थापित करने की योजना भी विचाराधीन है, जिससे टिकटिंग की सुविधा में सुधार होगा। कोलकाता मेट्रो की ऑरेंज और येलो लाइन के चालू होने के बाद दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन एक नए ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित हो सकता है, जिससे सॉल्टलेक, सेक्टर-5 और न्यू टाउन जैसे क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर संपर्क मिलेगा और बिधाननगर व दमदम स्टेशनों पर दबाव कम होगा।

वर्तमान में दमदम स्टेशन से प्रतिदिन 222 जोड़ी और बिधाननगर से 216 जोड़ी ईएमयू लोकल ट्रेनें चलाई जाती हैं। इस भारी यात्रीभार को देखते हुए सुरक्षा और रेलवे स्टाफ की रणनीतिक तैनाती की जाएगी ताकि आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। सियालदह मंडल प्रतिदिन लगभग 15 से 18 लाख यात्रियों के दबाव का सामना करता है। ऐसे में स्टेशनों पर अतिक्रमण और अनधिकृत ट्रेसपासिंग की घटनाएं न केवल भीड़ की समस्या को बढ़ाती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका को भी जन्म देती हैं। यह पहल सियालदह मंडल द्वारा कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और यात्री अनुकूल रेल अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है।

## हावड़ा मंडल का विशेष टिकट जांच अभियान, 1.33 लाख का वसूला जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा गुरुवार को एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 19 टीटीई और 7 आरपीएफ के कर्मियों की एक समर्पित टीम ने हावड़ा, बेलूर, बाली और कोन्नगर स्टेशनों पर गहन टिकट जांच की। इस दौरान कुल 317 मामलों में टिकट अनियमितताएं पकड़ी गईं, जिनमें से 276 यात्री बिना वैध टिकट के यात्रा करते पाए गए। अभियान के दौरान नियम उल्लंघन करने वालों से 1,33,390 की राजस्व राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। हावड़ा मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट के साथ यात्रा करें, ताकि किसी भी असुविधा या दंड से बचा जा सके। मंडल ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष टिकट जांच अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि ईमानदार यात्रियों के हितों की रक्षा की जा सके और एक सुरक्षित, अनुशासित तथा यात्री-मित्र वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# एनसीईआरटी योग ओलंपियाड में हेरिटेज स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की सफलता

**कोलकाता :** द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता की दो छात्राओं ने विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी में आयोजित एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2025 में अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रथम रनर-अप का स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। छात्राओं का नाम अन्नया सेनगुप्ता और अदित्री डे है। यह प्रतियोगिता 15 से 18 जून तक आयोजित हुई, जिसमें देशभर से 500 से अधिक विद्यार्थियों ने 33 टीमों के माध्यम से भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय था एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, जो भारत की प्राचीन योग परंपरा को आधुनिक जीवन से जोड़ते हुए स्वास्थ्य और संतुलन की सार्वभौमिक अवधारणा को रेखांकित करता है। अन्नया और अदित्री ने दे-




**इस दौरान हनुमंत राव, प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, ईश्वर वी. बसवरड्डी, मुकेश वर्मा, अतुल दुबे, द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता की अन्नया सेनगुप्ता और अदित्री डे, ट्री हाउस हाई स्कूल, पुणे के देवंशी शिंदे और सेंट स्टीफन्स स्कूल, चंडीगढ़ के सवेरा मौजूद रहे।**

हरादून में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय योग प्री-ओलंपियाड जीतने के बाद इस राष्ट्रीय स्तर पर सीआईएससीई का प्रतिनिधित्व किया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर द हेरिटेज स्कूल की प्राचार्या सीमा सप्रू ने कहा, यह सफलता केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि उन मूल्यों और अनुशासन का प्रमाण है जिन्हें हम अपने विद्यार्थियों में सुदृढ़ करते हैं। वहीं, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, यह सम्मान हमारे समग्र शिक्षा मॉडल की सफलता है। अन्नया और अदित्री ने योग के क्षेत्र में युवाओं की प्रेरणास्रोत बनकर हमारी संस्था को गौरवान्वित किया है।

दोनों छात्राओं की मार्गदर्शिका और योग एवं मूल्य शिक्षा की शिक्षिका, इला खंडेलिया ने उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा, उनकी साधना सुबह की कठिन प्रैक्टिस से लेकर योग दर्शन की गहन समझ तक विस्तृत है। उन्हें मंच पर आत्मविश्वास से भरा देखना मेरे लिए एक भावुक और गौरवपूर्ण क्षण था।

समापन समारोह में एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के पूर्व निदेशक ईश्वर वी. बसवरड्डी, विवेकानंद केंद्र के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष हनुमंत राव, कार्यक्रम निदेशक मुकेश वर्मा तथा सह-कार्यक्रम निदेशक अतुल दुबे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अन्नया और अदित्री की यह उपलब्धि भारत के युवा वर्ग के लिए एक प्रेरणा बनकर सामने आई है। उनकी यह यात्रा यह सिद्ध करती है कि प्राचीन भारतीय परंपरा आज भी नवयुवकों के आत्मविकास और राष्ट्र निर्माण में एक प्रभावशाली मार्गदर्शक है।

## मधुपुर स्टेशन पर रेलकर्मियों की सतर्कता से महिला यात्री और नवजात को मिली समय पर सहायता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मधुपुर स्टेशन पर ऑपरेशन मातृ शक्ति के तहत एक महिला यात्री और नवजात शिशु को समय पर चिकित्सकीय सहायता देकर रेलकर्मियों ने मानवीयता और सेवा-भावना की एक अनोखी मिसाल पेश की। घटना 18 जून की रात करीब 8:45 बजे की है, जब ट्रेन संख्या 13158 डाउन तिरहुत एक्सप्रेस के कोच एस-2 में एक महिला यात्री ने यात्रा के दौरान बच्चे को जन्म दिया। स्टेशन प्रबंधक, मधुपुर और आसनसोल सुरक्षा नियंत्रण को जैसे ही आपात स्थिति की सूचना मिली, आरपीएफ, जीआरपी और स्टेशन स्टाफ की एक समन्वित टीम ने तुरंत कार्रवाई की। मधुपुर स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर एएसआई यू. मंडल, हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल बी. हांसदा, एएसआई डी. चौधरी और महिला आरपीएफ स्टाफ ने मां और नवजात को सुरक्षित उतारा। कोलकाता के कमरहटी निवासी यात्री आसिफ जमाल मझारी ने अपनी बहन इशरत फातिमा के लिए सहायता मांगी थी, जिन्होंने ट्रेन में प्रसव किया था। रेलवे अस्पताल की मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार दिया और फिर सरकारी रेफरल अस्पताल, मधुपुर में बेहतर इलाज के लिए भेजा गया।

रेलवे के विभागीय वाहन से मां, शिशु और परिजनों को अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में परिवार ने बताया कि दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और उपयुक्त चिकित्सा मिल रही है। उन्होंने रेलवे प्रशासन और विशेषकर आरपीएफ की त्वरित सहायता और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## यूटीआई मिड कैप फंड: मध्यम आकार की कंपनियों में निवेश का बेहतर अवसर

**दुर्गापुर :** मध्यम आकार की कंपनियों में निवेश के लिए एक संतुलित और रणनीतिक विकल्प के रूप में यूटीआई मिड कैप फंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह फंड उन कंपनियों में निवेश करता है जो शुरुआती चरण की बाधाओं को पार कर अब स्थिर विकास की ओर अग्रसर हैं। 7 अप्रैल 2004 को शुरू हुआ यह ओपन एंडेड इक्विटी फंड 31 मई 2025 तक 11,640 करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का प्रबंधन कर रहा है। इसका निवेश पोर्टफोलियो लगभग 89 कंपनियों में फैला है, जिसमें 68% मिड कैप, 22% स्मॉल कैप और शेष लार्ज कैप कंपनियां शामिल हैं। सोलर इंडस्ट्री इंडिया, कोफोर्ज, परसिस्टेंट सिस्टम्स, अलकेम लैब्स जैसी प्रमुख कंपनियां इसकी होल्डिंग में हैं। यूटीआई का गहन अनुसंधान और अनुभव इस फंड को उच्च गुणवत्ता वाले स्टॉक्स चुनने में मदद करता है।

# कालीगंज उपचुनाव : मतदान से पहले ही विवाद, तृणमूल पर कांग्रेस और भाजपा एजेंटों को बूथ से निकालने का आरोप



❑ चुनाव आयोग से कांग्रेस और भाजपा ने की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया ज़िले की कालीगंज विधानसभा उप-चुनाव के तहत गुरुवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विवादों का दौर भी शुरू हो गया। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस और भाजपा के एजेंटों को बूथ से बाहर निकालने की कोशिश की, जिससे मतदान शुरू होने से पहले ही विवाद उत्पन्न हो गया। कांग्रेस की ओर से आरोप लगाया गया है कि अनंतपुर क्षेत्र के 204 नंबर बूथ और मीरा वन हरिजन प्राइमरी स्कूल स्थित 21 नंबर बूथ से उनके एजेंटों को बूथ में बैठने नहीं दिया गया। कांग्रेस का दावा है कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जानबूझकर उनके प्रतिनिधियों को बाहर निकाला, हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी आशीष घोष ने भी आरोप लगाया कि उनके दो एजेंटों को मीरा वन बड़चांदगढ़ के 21 और 56 नंबर बूथों में बैठने से रोका गया। घोष ने कहा कि वे स्वयं इन दोनों बूथों पर जाएंगे और हालात का जायजा लेंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह तृणमूल की संस्कृति है- बूथ जाम, छप्पा वोटिंग, रिगिंग। वे जानते हैं कि कालीगंज में उनके पास जमीन खिसक चुकी है और जनता अब उनके साथ नहीं है। लेकिन हम इसे नहीं चलने देंगे। भाजपा प्रत्याशी ने 168 नंबर बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि यह सब सुबह-सुबह मतदान प्रक्रिया को बाधित करने की योजना का हिस्सा है, ताकि भाजपा समर्थक वोटर परेशान हों और मतदान से दूर रहें। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपने-अपने स्तर पर चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा उम्मीदवार आशीष घोष ने स्वयं मतदान कर दिया है और पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

❑ **भाजपा उम्मीदवार ने प्रिसाइडिंग ऑफिसर को बताया 'तृणमूल कैडर'**

कालीगंज विधानसभा सीट पर जारी उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर तनाव और आरोप-प्रत्यारोप का माहौल बना रहा। भाजपा उम्मीदवार आशीष घोष ने आरोप लगाया कि देवग्राम के चांदघर आदर्श विद्यापीठ स्थित बूथ संख्या 54 पर उनके एजेंट को बैठने नहीं दिया गया। इस दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों ने भी उन्हें बूथ में प्रवेश करने से रोक दिया, जिसके बाद मौके पर तीखी नोंकझोंक हुई।आशीष घोष ने सीधे तौर पर प्रिसाइडिंग ऑफिसर पर तृणमूल कांग्रेस का कैडर होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह पक्षपात कर रहे हैं और तृणमूल के निर्देशों पर काम कर रहे हैं। वहीं, प्रिसाइडिंग ऑफिसर ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि शुरुआती स्तर पर कुछ 'गलतफहमी' थी और बाद में भाजपा एजेंट को बूथ में प्रवेश करने की अनुमति दे दी गई। घटना के बाद मौके पर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंच गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किया गया। इसी बीच, चुनाव आयोग की ओर से फोन कॉल आने के बाद प्रिसाइडिंग ऑफिसर ने एजेंट को अंदर जाने की अनुमति दी और कहा कि यह सिर्फ एक 'मिसअंडरस्टैंडिंग' थी।

### भाजपा उम्मीदवार के मध्यमा उंगली दिखाने पर मचा बवाल, कहा.. 'मतदान अधिकारी ने बीच की उंगली में लगा दी स्याही'



कालीगंज विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार आशीष घोष ने आरोप लगाया कि जब वह वोट डालने गए तो मतदान अधिकारियों ने उनकी तर्जनी उंगली के बजाय बीच वाली उंगली (मध्यमा) पर स्याही का निशान लगा दिया। घोष ने आरोप लगाया कि देबग्राम में बूथ संख्या 173 के मतदान अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस के एजेंटों के इशारे पर जानबूझकर उनकी बीच वाली अंगुली पर स्याही का निशान लगाया। घोष ने आरोप लगाया कि पहले, जब मैं वोट डालने गया तो अधिकारी मेरी उंगली पर स्याही लगाना भूल गए। फिर, मैं वापस गया तो उन्होंने जानबूझकर मेरी मध्यमा उंगली पर स्याही लगा दी। यह पूर्व नियोजित था। यह कुछ और नहीं बल्कि टीएमसी की राजनीतिक साजिश है और उन्होंने ऐसा किया। वोट डालने के बाद घोष ने स्याही लगी हुई मध्यमा उंगली दिखाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। एक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि घोष द्वारा बीच की उंगली दिखाने से किसी नियम का उल्लंघन नहीं हुआ है, लेकिन फिर भी उन्होंने इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट से रिपोर्ट मांगी है।

### वोटिंग के दौरान बाधा, नाविक गिरा नदी में, फूलबागान के 250 से अधिक मतदाताओं का मतदान रुका

कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के फूलबागान चर इलाके में मतदान के दौरान बड़ी अड़चन सामने आई। इस इलाके के करीब 250 से अधिक मतदाता गुरुवार की सुबह अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए नाव के जरिए बूथ संख्या 252 पर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में नाविक (माझी) के अचानक नाव से गिर जाने के कारण नदी पार करने की प्रक्रिया बीच में ही रुक गई। इसके चलते सभी मतदाता बूथ तक नहीं पहुंच सके और मतदान बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा प्रत्याशी आशीष घोष मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस पूरी घटना को 'रहस्यमय' करार देते हुए आशंका जताई कि यह सुनियोजित साजिश भी हो सकती है ताकि फूलबागान क्षेत्र के लोग वोट न डाल सकें। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मामले में चुनाव आयोग से शिकायत करेगी।

# महेश रथयात्रा 27 जून को, 629वीं वर्षगांठ पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

हुगली, समाज्ञा

श्रीरामपुर के महेश स्थित ऐतिहासिक और पुरी के बाद विश्व में दूसरा स्थान प्राप्त प्रसिद्ध महेश रथयात्रा इस वर्ष अपने 629वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। यह देश की दूसरी सबसे प्राचीन रथयात्रा मानी जाती है। आगामी 27 जून को यह पावन यात्रा पारंपरिक उल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी।

हर वर्ष की भांति इस बार भी रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। इस विशाल धार्मिक आयोजन को सफल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन और पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

बुधवार को जिलाशासक मुक्ता आर्य और चंदननगर पुलिस कमिश्नर अमित पी. जावलगी ने महेश स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर और रथ मार्ग का दौरा किया। उन्होंने जी.टी. रोड और रथ मार्ग पर यातायात व्यवस्था, रास्तों की स्थिति, सुरक्षा प्रबंध तथा भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इसके उपरांत मंदिर सेवायतों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की गई।

इस अवसर पर चांपदानी विधायक अरिंदम गुंईन, डीसीपी अर्णब विश्वास, एसडीओ शंभुदीप सरकार, एवं श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरीधारी साहा भी उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर अमित पी. जावलगी ने बताया कि रथयात्रा के दौरान भारी भीड़ होती है, जिसे नियंत्रित करने हेतु सीसीटीवी कैमरे, वॉच टावर, और विशेष पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

जिलाशासक मुक्ता आर्य ने कहा कि रथयात्रा एक परंपरा, श्रद्धा और संस्कृति का संगम है। इसे शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है।

## बनगांव अदालत में न्यायाधीश से दुर्व्यवहार, कोलकाता हाईकोर्ट ने सात वकीलों को दोषी ठहराया

**कोलकाता :** बनगांव अदालत में न्यायाधीश सोमा चक्रवर्ती के साथ दुर्व्यवहार के मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने सात वकीलों को दोषी करार दिया है। हालांकि, वर्तमान में उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह निर्णय न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद सब्बर रशीदी की डिवीजन बेंच ने दिया।

हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह की कोई और घटना घटती है, तो इस मामले को नये मामले के साथ जोड़कर उक्त सात वकीलों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट प्रशासन को तब आवश्यक कदम उठाने की पूरी छूट दी गई है।

घटना अप्रैल 2024 की है, जब बनगांव अदालत में एक ल क्लर्क की मृत्यु के बाद वकीलों और ल क्लर्कों ने कार्यबहिष्कार का आह्वान किया था। लेकिन उसी दौरान फास्ट ट्रैक सेकेंड कोर्ट में न्यायाधीश सोमा चक्रवर्ती ने कार्यवाही जारी रखी। इस पर वकील पायल राय एक मामला देख रही थीं, तभी कुछ वकील अचानक कोर्ट रूम में घुस आए और हंगामा और चिल्ला-पुकार शुरू कर दी।

वकीलों का कहना था कि पिछले 40 वर्षों से संयुक्त बार का रेजोल्यूशन कोर्ट में भेजा जाता रहा है और ऐसे में कार्यवाही क्यों जारी रही? इस विवाद के दौरान जज सोमा चक्रवर्ती अस्वस्थ हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

अब हाईकोर्ट के आदेश ने स्पष्ट कर दिया है कि वकीलों का यह व्यवहार अस्वीकार्य था और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बागनान में सड़क दुर्घटना, दो की मौत व 25 घयाल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बगनान में लाइब्रेरी चौराहे पर गुरुवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि इस घटना में कम से कम 25 लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 7.30 बजे एक यात्री बस बागनान से श्यामबाजार की ओर जा रही थी। बारिश के कारण दृश्यता कम थी। सूत्रों के अनुसार, बस जब लाइब्रेरी चौराहे पर सर्विस रोड से हाईवे पर जा रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक लॉरी ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। यात्रियों से भरी बस तुरंत सड़क पर पलट गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 25 लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही में जुटी थी।

# टीएमसी के पत्र में दिखती है गुजरात विरोधी मानसिकता : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के पत्र को सोशल मीडिया पर साझा कर कुछ सवाल खड़े किए और टीएमसी पर गुजरात विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। इस दिन, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टीएमसी का पत्र शेयर करते हुए लिखा कि टीएमसी का 18 जून का पत्र, जिसमें उन्होंने कालीगंज विधानसभा उपचुनाव के लिए वेबकास्टिंग एजेंसी के चयन पर सवाल उठाया है, जो स्पष्ट रूप से गुजरात विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। पत्र में अहमदाबाद, गुजरात की एक एजेंसी के चयन पर चिंता जताई गई है और बार-बार इसके गुजरात मूल को रेखांकित किया गया है, जो गुजरातियों के खिलाफ क्षेत्रीय भेदभाव को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात भारत का हिस्सा है और वहां की कोई भी कंपनी कानूनी तौर पर किसी भी टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा ले सकती है। एजेंसी का चयन सभी मानदंडों को पूरा करने के बाद हुआ होगा, लेकिन टीएमसी इसे निशाना बना रही है, क्योंकि यह उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। वे अपने विरोधियों को 'बाहरी' करार देकर हमला करते हैं, जब यह उनके लिए सुविधाजनक होता है। मगर, जब योग्य और कुशल बंगाली अधिकारियों को चुनने की बारी आती है, तो टीएमसी सरकार उन्हें नजरअंदाज कर 'बाहरी' लोगों को चुनती है, जो उनके इशारों पर काम करें। शुभेंदु अधिकारी ने कुछ नामों का जिक्र करते हुए एक्स पर आगे लिखा कि अत्री भट्टाचार्य (आईएएस, 1989 बैच) अप्रैल 2026 में रिटायर हो रहे हैं, जबकि मनोज पंत (आईएएस, 1991 बैच, उत्तराखंड) जून 2025 में रिटायर हो रहे हैं। फिर भी अत्री भट्टाचार्य और सुब्रत गुप्ता (आईएएस, 1990 बैच) जैसे योग्य बंगाली अधिकारियों को नजरअंदाज कर मनोज पंत को मुख्य सचिव क्यों बनाया गया, जो दो बंगाली अधिकारियों से जूनियर हैं? मनोज पंत का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव क्यों भेजा गया, जबकि भट्टाचार्य के पास अभी 10 महीने की सेवा बाकी है और वे मुख्य सचिव बन सकते हैं? उन्होंने कहा कि संजय मुखर्जी (आईपीएस, 1989 बैच), पश्चिम बंगाल के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को नजरअंदाज कर उनके जूनियर राजीव कुमार (आईपीएस, उत्तर प्रदेश) को डीजीपी क्यों बनाया गया?

# बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाले से जुड़े बंगाल के तार

### मध्यमग्राम के एक प्रिंटिंग प्रेस पर ईडी का छापा

कोलकाता, समाज्ञा

बिहार के कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार की सुबह उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके में छापा मारा। जानकारी के अनुसार, कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस से छपवाया गया था। यह वही परीक्षा है जिसमें लगभग एक साल पहले बिहार में पेपर लीक की शिकायत सामने आई थी और बाद में इसकी जांच ईडी को सौंपी गई थी। ईडी अधिकारियों ने मध्यमग्राम थाना अंतर्गत 142, ओल्ड जेसोर रोड स्थित 'गंगानगर मित्र कॉम्प्लेक्स' में मौजूद 'ब्लेसिंग सीक्रेट प्रेस प्राइवेट लिमिटेड' नामक छपाखाने में छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, इस प्रेस में केवल बिहार ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों की भी विभिन्न सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र छपते थे। बिहार पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेन्सेस यूनिट पहले ही इस मामले में कई गिरफ्तारियां कर चुकी है। इनमें मध्यमग्राम की एक निजी संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, कोलकाता निवासी एक व्यक्ति, उत्तर 24 परगना के दो निवासी और लखनऊ के एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया था।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद आंख खो बैठा मरीज, हाई कोर्ट ने तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के गार्डेनरिच स्थित एक सरकारी अस्पताल में नेत्र शिविर के दौरान कराए गए मोतियाबिंद (छानी) ऑपरेशन के बाद आंख की रोशनी गंवाने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीड़ित गोबिंदचंद्र हालदार ने कोर्ट से मामले की जांच और मुआवजे की मांग की है। गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह यह पता लगाए कि संबंधित शिविर में कितने लोगों का ऑपरेशन किया गया था, और क्या उनमें से किसी और ने भी ऑपरेशन के बाद किसी तरह की शिकायत की है।



अदालत ने इस पूरे घटनाक्रम की प्राथमिक जांच कर 10 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। सभी पक्षों को यह रिपोर्ट दी जाएगी और वे 22 जुलाई को अगली सुनवाई से पहले उस पर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कर सकेंगे। गोबिंदचंद्र हालदार ने अपने आवेदन में दावा किया है कि ऑपरेशन के बाद उनकी आंख में गंभीर क्षति हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि उसी शिविर में ऑपरेशन करवाने वाले कई अन्य लोगों की आंखों में भी समस्या आई है। पीड़ित पक्ष ने इसे एक गंभीर लापरवाही मानते हुए अदालत से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब गार्डेनरिच क्षेत्र के अस्पतालों में मोतियाबिंद ऑपरेशन को लेकर विवाद हुआ हो। इससे पहले पिछले वर्ष मटियाब्रुज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जिसमें कई मरीजों ने ऑपरेशन के बाद दिखाई देने में परेशानी की शिकायत की थी। उस समय स्वास्थ्य भवन को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था और 16 मरीजों को कोलकाता स्थित रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी में भर्ती कर जांच कराई गई थी।

## राज्य की शीर्ष यूनिवर्सिटी बनी जादवपुर, कलकत्ता यूनिवर्सिटी को पछाड़ा

❑ **खड़गपुर आईआईटी सर्वोच्च स्थान पर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी की रैंकिंग जारी हुई है, जिसमें जादवपुर विश्वविद्यालय ने कोलकाता विश्वविद्यालय को पछाड़ दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025' के अनुसार, जादवपुर विश्वविद्यालय ने इस बार 676वीं वैश्विक रैंक प्राप्त की है, जबकि कलकत्ता विश्वविद्यालय पिछड़कर 771-780 की श्रेणी में पहुंच गया है। पिछली रैंकिंग में जादवपुर विश्वविद्यालय की स्थिति 721-730 के बीच थी और कलकत्ता विश्वविद्यालय की 751-760 के बीच। इस बार जादवपुर ने न केवल सुधार किया है, बल्कि बंगाल के प्रमुख विश्वविद्यालयों की सूची में खुद को कलकत्ता विश्वविद्यालय से ऊपर स्थापित किया है। राज्य में सर्वश्रेष्ठ स्थान एक बार फिर से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर के हिस्से आया है, जिसे वैश्विक रैंकिंग में 215वां स्थान मिला है। पिछले वर्ष इसकी रैंक 222 थी। देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों की सूची में भी यह चौथे स्थान पर रहा। राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली को भारत का सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थान घोषित किया गया है, जिसे 123वीं वैश्विक रैंक और 65.5 अंक प्राप्त हुए हैं। इसके बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। भारत की शीर्ष 25 विश्वविद्यालयों में बंगाल के दो संस्थानों का नाम जादवपुर विश्वविद्यालय (18वां स्थान) और कलकत्ता विश्वविद्यालय (24वां स्थान) को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट न केवल राज्य में शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कैसे संस्थान अपनी गुणवत्ता में सुधार कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं।

# बंगाल में हैं भारत में सबसे अधिक पर्यटक गाइड : इंद्रनील सेन

❑ **पर्यटन मंत्री का विधानसभा में दावा, बंगाल में 6 महीने में आए 27 लाख विदेशी पर्यटक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के सभी राज्यों की तुलना में पश्चिम बंगाल में प्रमाणित पर्यटक गाइड की संख्या सबसे अधिक है। राज्य के पर्यटन मंत्री इंद्रनील सेन ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में पर्यटक गाइड प्रमाणन योजना शुरू किए जाने के बाद अब तक 1,022 पर्यटक गाइड को प्रमाण पत्र मिल चुके हैं। सेन ने सदन को बताया कि देश के सभी राज्यों की तुलना में पश्चिम बंगाल में प्रमाणित पर्यटक गाइड की संख्या सबसे अधिक है। मंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग ने एक दशक से अधिक



समय से माओवादी गतिविधियों से प्रभावित रहे पुरुलिया में पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पर्यटक अब इस पश्चिमी जिले के हरे-भरे जंगलों और पहाड़ियों को देखने आ रहे हैं। सेन ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन सम्पत्तियां खोलने के लिए निजी संस्थाओं को पर्याप्त बुनियादी ढांचागत सहायता दे रही है। उन्होंने कहा कि पुरुलिया पर्यटन विकास परिषद का गठन सभी हितधारकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने और जिले में यात्रा को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जिसे एक दशक पहले तक शायद ही कभी पर्यटन स्थल के रूप में माना जाता था। मंत्री ने कहा कि जो पर्यटक जंगलों और पहाड़ियों के लिए उत्तर बंगाल आते हैं, वे अब पुरुलिया पर विचार कर रहे हैं, जहां शांति और सुरक्षा फिर से बहाल हो गई है। दीघा से लेकर दार्जिलिंग तक राज्य में विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 6 महीनों में 27 लाख विदेशी पर्यटक बंगाल आए हैं। यह जानकारी पर्यटन मंत्री इंद्रनील सेन ने विधानसभा सत्र के पहले भाग में एक सवाल के जवाब में दी। पर्यटन मंत्री ने विधानसभा में कहा कि पश्चिम बंगाल में विदेशी पर्यटकों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर यूरोप और अमेरिका से आए पर्यटक शामिल हैं। बांग्लादेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में काफी कमी आई है। इस संबंध में, आंकड़ों का हवाला देते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले छह महीने में राज्य में कुल 27 लाख 11 हजार 708 विदेशी पर्यटक आए हैं। इनमें बांग्लादेशी पर्यटकों की संख्या एक लाख 80 हजार है। मंत्री ने दावा किया कि पहले की तुलना में राज्य में बांग्लादेशी पर्यटकों का आगमन कम हुआ है, जबकि दूसरे देशों पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

## हावड़ा में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति समेत ससुराल वालों पर हत्या का मामला दर्ज

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के गोलाबाड़ी इलाके में गुरुवार को एक नवविवाहिता का शव उसके ससुराल में फंदे से लटका हुआ पाया गया। मृतका की पहचान अलंक्रिता सिन्हा घोष (26) के रूप में हुई है, जिसकी शादी छह महीने पहले रोजमेरी लेन निवासी शुभम घोष से हुई थी। अलंक्रिता आईटी सेक्टर में एक प्रतिष्ठित पद पर कार्यरत थीं। परिजनों का आरोप है कि शुभम को अलंक्रिता की तरक्की से ईर्ष्या थी और वह उसकी प्रगति को लेकर हीनभावना से ग्रसित था। उन्हें संदेह था कि अलंक्रिता किसी अन्य पुरुष से बात करती है, जिस कारण वह उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। साथ ही दहेज के लिए भी उस पर दबाव



डाला जाता था। बुधवार रात पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था, जिसके बाद गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे उसका शव फंदे से लटका मिला। परिवार ने आरोप लगाया है कि पुलिस और परिजनों के पहुंचने से पहले ही शव को अस्पताल ले जाया गया, जिससे आत्महत्या की कहानी संदिग्ध लगती है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर हत्या का मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षक दंपति को दो साल की सजा, तीन महीने में स्टे नहीं मिला तो होगी जेल

**हुगली :** तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद अपरूपा पोद्दार को जातिसूचक गालियां देने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में चुंचुड़ा की विशेष अदालत ने रिसड़ा निवासी शिक्षक नसीम अख्तर और उनकी पत्नी अंसारी खातून को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को दो साल की सश्रम सजा सुनाई है, साथ ही 5000 रुपये जुर्माना भी लगाया है।

हालांकि, अदालत ने यह भी आदेश दिया कि चूंकि दंपति के छोटे-छोटे बच्चे हैं, इसलिए उन्हें फिलहाल जमानत दी जाती है। लेकिन यदि वे तीन महीने के भीतर कलकत्ता हाईकोर्ट से सजा पर स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) नहीं लाते हैं, तो उन्हें जेल भेज दिया जाएगा।

❑ **2021 का मामला, गंभीर आरोप**

यह मामला वर्ष 2021 में दर्ज हुआ था। आरोप था कि नसीम अख्तर, जो



एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षक हैं, और उनकी पत्नी अंसारी खातून, जो एक निजी उर्दू स्कूल में शिक्षिका हैं, के घर से कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद अपरूपा पोद्दार और उनके पति पार्षद शाकिर अली वहां पहुंचे थे।

मौके पर कथित रूप से उनके साथ दुर्व्यवहार, जातिसूचक गालियां और अश्लील हरकतों की कोशिश की गई। इस मामले की सुनवाई एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज संजय कुमार शर्मा की अदालत में हुई। अदालत ने दंपति को आईपीसी की धारा 354 और 506 के आरोपों से मुक्त कर दिया, लेकिन एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया।

❑ **'हमें फंसाया गया': दंपति का आरोप**

अदालत से बाहर निकलते ही आरोपी दंपति ने मीडिया से कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। उन्होंने दावा किया कि शाकिर अली ने उनसे पहले पैसे लिए थे, जो मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद लौटाने पड़े। इसी के बदले में यह मामला रचा गया है। दंपति ने कहा कि वे उच्च न्यायालय में फैसले को चुनौती देंगे।

❑ **'न्याय मिला': अभियोजन पक्ष**

वहीं अभियोजन पक्ष से पूर्व सांसद अपरूपा पोद्दार के पति और पार्षद शाकिर अली ने अदालत के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'यह केवल हमारे लिए नहीं, बल्कि मेरे वार्ड की पीड़िता के लिए भी न्याय है। हमने साक्ष्यों के साथ न्यायपालिका के सामने पूरा मामला रखा, और हमें न्याय मिला।'

शाकिर अली ने यह भी कहा कि आरोपी के वकील द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं, और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसी भी जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराने की चुनौती दी और जांच में पूरा सहयोग देने की बात कही। कहा कि मुख्यमंत्री से इस मामले का कोई वास्ता नहीं उन्हें जबरन घसीटा जा रहा है। उनकी राजनीतिक साख पर प्रहार करने की गहरी साजिश रची गई।

❑ **शिक्षक पर अन्य गंभीर आरोप भी**

पार्षद अशोक देवटिया ने आरोप लगाया कि आरोपी शिक्षक नसीम अख्तर का आचरण विद्यालय में गैर-जिम्मेदाराना और अनुशासनहीन था। वह आर्थिक रूप से सक्षम बच्चों को कम अंक देकर अपने निजी कोचिंग संस्थान में जाने को मजबूर करते थे।

## शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का 83 वां प्राकट्य दिवस : राष्ट्रोत्कर्ष अभियान



**कोलकाता :** श्री गोवर्द्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का 83 वां प्राकट्य दिवस निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानन्द भारती महाराज, राजगुरु बीकानेर की अध्यक्षता में 22 जून को नारायण बैंक्वेट में मनाया जायेगा। शंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य, संयोजक प्रेम चंद झा, पोद्दार सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन डॉक्टर अशोक पोद्दार ने बताया शंकराचार्य निश्चलानंद जी सनातन हिन्दू धर्म के गौरव की रक्षा के लिए आद्य शंकराचार्य की तरह पूरे भारत में भ्रमण कर रहे हैं। वे अपने प्रवचनों के माध्यम से भारत की एकता, धर्म - संस्कृति, गोरक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, विश्व शान्ति के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं। वर्ष में 250 से अधिक दिनों तक यात्रा कर राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के प्रति भारत के नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं। शंकराचार्य निश्चलानंद जी महाराज ऋग्वैदिक पूर्वाम्नाय गोवर्द्धन मठ, पुरी की परम्परा के 145 वें आचार्य हैं। पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी (पश्चिम बंगाल), श्री श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा संस्थानम् की ओर से शंकराचार्य निश्चलानंद जी के प्राकट्य दिवस सोमवार 23 जून 2025 की पूर्व संध्या पर पश्चिम बंगाल की धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित समारोह में विद्वान, संत, महात्मा, विशिष्ट समाजसेवी एवं राष्ट्रभक्त उपस्थित रहेंगे।

## एसएमए से पीड़ित अंशिका के इलाज को लेकर इम्पैक्ट गुरु ने चलाई मुहिम

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख मेडिकल क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म इम्पैक्ट गुरु ने 5 महीने की अंशिका मंडल की जान बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। अंशिका स्पाइनल मस्कुलर अट्रॉफी (डच-) टाइप 1 नामक दुर्लभ और घातक आनुवंशिक बीमारी से पीड़ित है, जो रीढ़ की हड्डी की मोटर तंत्रिका कोशिकाओं को प्रभावित करती है और बच्चों के लिए जानलेवा साबित होती है। उसके माता-पिता बितापी और अनिमेष मंडल, जोलगेन्स्मा नामक एक जीवनरक्षक जीन थेरेपी के लिए 9 करोड़ रुपये की भारी राशि जुटाने में जुटे हैं, जो बीमारी की प्रगति को रोक सकती है। इलाज की लागत उनकी आर्थिक स्थिति से परे है। बितापी ने कहा, हर दिन अपनी बेटी को दर्द में देखना असहनीय है। हम सिर्फ उसे हंसते, खेलते और जीते देखना चाहते हैं। इम्पैक्ट गुरु पर यह अभियान चल रहा है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अतीक अहमद के बेटे के पास से पैसे बरामद होने पर उप जेलर, वार्डन निलंबित

**प्रयागराज :** नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध माफिया एवं पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे अली के पास से नकदी बरामद होने के बाद लापरवाही बरतने के आरोप में जेल प्रशासन ने उप जेलर शांति देवी और वार्डन संजय द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक (जेल) राकेश श्रीवास्तव ने जेल का निरीक्षण किया जिस दौरान, अली के पास से 1100 रुपये नकद बरामद हुए। उन्होंने बताया कि लापरवाही बरतने के आरोप में उप जेलर शांति देवी और वार्डन संजय द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ अधीक्षक ने बताया कि जांच में सामने आया कि अली से मुलाकात करने आए व्यक्ति ने उसे कूपन खरीदने के लिए यह पैसे दिए थे। अली ने कूपन खरीदने के बजाय यह रुपये अपने पास रख लिए थे।

### प्रेमी जोड़े ने मालगाड़ी के सामने कूदकर की आत्महत्या

**मुरादाबाद (उप्र) :** मुरादाबाद जिले में बुधवार रात को मुरादाबाद-चंदौसी रेलवे लाइन के पास एक प्रेमी जोड़े ने चलती मालगाड़ी के सामने कथित रूप से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान सुशांत (20) और 16 वर्षीय लड़की के रूप में हुई है। वे बिलारी थाना क्षेत्र के तहत आने वाले एक ही गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि सुशांत मुरादाबाद में एक फैक्टरी में काम करता था और हाल में वह अपने गांव लौटा था। लड़की ने हाल में कक्षा 12वीं की परीक्षा पास की थी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आकाश सिंह ने कहा, दोनों देर रात अपने घरों से निकले और रात करीब एक बजे रेलवे लाइन पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच से यह आत्महत्या का मामला लगता है।

# झारखंड: रांची समेत पांच जिलों में शुक्रवार को बंद रहेंगे स्कूल, आईएमडी ने भारी बारिश का जताया अनुमान

**■ भारी बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत**



**रांची :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा भारी बारिश का अनुमान जताये जाने के बाद झारखंड में रांची समेत पांच जिलों में शुक्रवार को स्कूल बंद रहेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रांची, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में सभी स्कूल शुक्रवार को बंद रहेंगे जबकि पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में आठवीं कक्षा तक की कक्षाएं स्थगित रहेंगी। बुधवार से लगातार हो रही बारिश के कारण रांची और खूंटी में बृहस्पतिवार को स्कूल बंद रहे। आईएमडी ने बृहस्पतिवार सुबह साढ़े आठ बजे से शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक रांची के लिए 'रेड' अलर्ट (भारी से बेहद भारी बारिश) जारी किया है।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण रांची जिला प्रशासन ने एक दिन और अवकाश बढ़ाने का फैसला किया है। अधिसूचना के मुताबिक, भारी बारिश की संभावना और विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले में केजी से 12वीं कक्षा तक के सभी श्रेणी के विद्यालयों को 20 जून को बंद रखने का आदेश जारी किया है।अधिसूचना में बताया गया, इस आदेश का पालन न करने की स्थिति में संबंधित स्कूल को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की संबंधित धाराओं के तहत जवाबदेह ठहराया जाएगा। खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में शुक्रवार को 12वीं कक्षा तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे।पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां प्रशासन ने भारी बारिश के मद्देनजर सभी विद्यालयों को शुक्रवार को आठवीं तक की कक्षाएं स्थगित करने का आदेश दिया। रांची में बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे से बृहस्पतिवार सुबह साढ़े पांच बजे तक 216.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि झारखंड में भारी बारिश के कारण तीन स्थानों पर दो स्कूली बच्चों और 10 वर्षीय एक लड़की सहित चार लोगों की मौत हो गई, साथ ही कई जिलों में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को झारखंड पहुंचे दक्षिण-पश्चिम मानसून से व्यापक बारिश हुई, जिसके 20 जून तक पूरे राज्य में जारी रहने की संभावना है।

### राजस्थान: कई जगहों पर बारिश, जैसलमेर में पारा 44.6 डिग्री

**जयपुर :** राजस्थान में कई जगह बृहस्पतिवार को भी बारिश जारी रही हालांकि सीमावर्ती इलाकों में गर्मी का दौर जारी है और जैसलमेर में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार शाम साढ़े पांच बजे तक करौली में 36.5 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई, वहीं अजमेर में 18.2 मिमी, प्रतापगढ़ में 5.5 मिमी. और कोटा में 4.6 मिमी. बारिश हुई।राजधानी जयपुर सहित कई जगह भी बूंदाबांदी हुई और बादल छाए रहे। वहीं जैसलमेर में अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री, गंगानगर में 42.3 डिग्री, फलौदी और बीकानेर में 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने इस बार समय से एक हफ्ते पहले बुधवार को राजस्थान में दस्तक दे दी थी।मानूसन के प्रभाव से 20 जून को उदयपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं भारी या अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है जबकि जयपुर, अजमेर व भरतपुर संभाग में भी में कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान है।

## उत्तर प्रदेश : आठ साल में 234 दुर्दांत अपराधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्ष में 234 दुर्दांत अपराधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि 9,202 अपराधी घायल हो गये। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ नीत सरकार ने कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस नीति) के तहत पिछले आठ वर्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की। इस दौरान 234 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। बयान के अनुसार इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ की 14,741 घटनाएं हुईं, जिनमें 30,293 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अपराधियों से मुकाबला करते हुए 18 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि 1,700 पुलिसकर्मी घायल हुए। उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण के हवाले से बयान में कहा गया कि प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में हुई जहां पुलिस ने 4,183 कार्रवाई की। इनमें 7,871 अपराधी पकड़े गए जबकि 2,839 अपराधी घायल हो गए। इस दौरान 77 कुख्यात अपराधी मौके पर ही मारे गए। इस दौरान 452 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के मामले में मेरठ जोन पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है।

### लालू प्रसाद ने राजद कार्यकर्ताओं से तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के बाद उनके बेटे तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री बनना सुनिश्चित करने की बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की। प्रसाद, पार्टी की राज्य परिषद को संबोधित कर रहे थे, जिसमें मंगनी लाल मंडल को आम सहमति से राजद की बिहार इकाई का प्रमुख चुने जाने की औपचारिक घोषणा की गई। राजद प्रमुख ने कहा, 'आपको यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि (विधानसभा) चुनाव में नीतीश कुमार और आरएसएस को बाहर कर दिया जाए। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनना चाहिए।' उनके साथ, तेजस्वी और पूर्व मुख्यमंत्री एवं उनकी पत्नी राबड़ी देवी भी मौजूद थीं। प्रसाद, स्वास्थ्य कारणों को लेकर अब कभी-कभार ही सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। हालांकि, अपने संक्षिप्त भाषण में वह चिरपरिचित अंदाज में नजर नहीं आए, लेकिन उन्होंने यह आरोप लगाया कि 'आरएसएस के लोगों ने कर्पूरी ठाकुर को गाली दी और उनकी सरकार गिरा दी।'

## प्रधानमंत्री मोदी का 51वां बिहार दौरा आज, सिवान में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे



**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बिहार का अपना '51वां दौरा' करेंगे। इस दौरान वह पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के साथ-साथ नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। मोदी की सिवान जिले की यात्रा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्साहित है, जो कुछ ही महीनों में होने वाले अहम विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है और अपनी संभावन-ाओं को बढ़ाने के लिए अपने सबसे लोकप्रिय नेता की अपील पर काफी हद तक निर्भर है। भाजपा नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा ''केवल 20 दिन में दूसरा और इस वर्ष का पांचवां बिहार प्रवास'' होगा। उन्होंने बताया कि यह संकेत है कि बिहार केंद्र की मोदी नीत सरकार की प्राथमिकता में उच्च स्थान पर है। मोदी ने इससे पहले 29-30 मई को बिहार का दौरा किया था। उन्होंने उस समय पटना हवाई अड्डे के नए विश्वस्तरीय टर्मिनल का उद्घाटन किया था और पटना में एक रोड शो किया था। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा रोहतास जिले में एक जनसभा को संबोधित किया था और 50,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की थी। भाजपा की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष चौधरी ने कहा, 'कल सिवान की धरती पर 5,736 करोड़ रुपये की कुल 22 परियोजनाओं का तब उद्घाटन किया जाएगा, जब प्रधानमंत्री 53,666 बेघर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त के तौर पर 51,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित करेंगे। इसके अलावा, 6,684 शहरी गरीब परिवारों को उनके नए घरों की चाबी मिलेगी।'

## न्यूज अपडेट

### पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को देश के मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए दावा किया कि पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अब देश की जनता के बजाय 'पाकिस्तान के नेताओं' के भरोसे पर ज्यादा निर्भर है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही है। मौर्य ने भारत-पाक संघर्ष पर कांग्रेस के कुछ नेताओं की हालिया टिप्पणियों को लेकर निशाना साधा।

### तालाब से मिले दो बच्चों के शव

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले के भोपा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को दो बच्चों के शव संदिग्ध हालत में तालाब से मिले। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के रोड़कली गांव में दो बच्चे संदिग्ध हालत में तालाब में मृत मिले। उन्होंने बताया कि मृत बच्चों की पहचान अरहान (पांच) और इनायत (एक) के रूप में हुई है और उनके शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। बसंल के मुताबिक, मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है।

### युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना के तहत भर्तियां आयोजित कर रही है।शर्मा बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव (जुलाई-2025) की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को जुलाई माह में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के आयोजन की सुनियोजित तैयारियां करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभागवार लंबित भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान करने से पूर्व शेष प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अदालत में विभिन्न कारणों से लंबित भर्ती प्रकरणों की मजबूती से पैरवी करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने राज्य में युवाओं के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से जोड़ने के भी निर्देश दिए जिससे पात्र युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

### यूपी में जुलाई से 'टेक-होम राशन' के लिए ओटीपी व 'फेस रिकग्निशन' लागू होगा

**लखनऊ :** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार ने पोषण ट्रैकर में 'फेस रिकॉग्निशन सिस्टम' (एफआरएस) को एकीकृत किया है, जिससे गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरों और छह महीने से छह साल की उम्र तक के बच्चों को 'टेक-होम राशन' (टीएचआर) का लक्षित और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित हो सके। एक बयान अनुसार, एक जुलाई तक पूरे राज्य में 100 प्रतिशत एफआरएस कवरेज हासिल करने के निर्देश दिए गए हैं और इसके लिए राज्यव्यापी जागरूकता और पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। बयान में कहा गया है कि पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और 'वन टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) का उपयोग होता है।

समाज्ञा CINE मंत्र

# 20 साल छोटी इस अभिनेत्री के साथ रोमांस करेंगे 39 साल के रणवीर सिंह?



अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है और सेट से कई तस्वीरें भी सामने आई हैं। आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस एक्शन फिल्म में संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे भी नजर आएंगे। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। ये जानकारी फिल्म की लीड एक्ट्रेस को लेकर आ रही है।

फिल्म 'धुरंधर' को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ सारा अर्जुन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। पीपिंग मून की एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि चाइल्ड आर्टिस्ट रहीं 20 साल की सारा अर्जुन 39 साल के रणवीर सिंह के साथ इस फिल्म में रोमांस करती नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में उनकी भूमिका छोटी होगी। हालांकि, रणवीर और सारा के बीच 20 साल का अंतर है। ऐसे में पर्दे पर ये अनोखी जोड़नी देखना एक अलग एहसास होगा। इसीलिए कई यूजर्स को ये खबर पसंद नहीं आ रही है।

इस खबर के सामने आने के बाद बेशक नेटिजंस को ये खबर पसंद नहीं आई। हालांकि, मेकर्स की ओर से अब तक सारा अर्जुन के फिल्म का हिस्सा होने के बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है। जबकि सारा के फिल्म का हिस्सा होने की खबर साल 2024 में ही सबसे पहले आई थी। इसके बाद फिल्म के सेट से कई तस्वीरें भी सामने आई हैं। वहीं पिछले दिनों 'धुरंधर' के टीजर को लेकर भी खबर आई थी। लेकिन मेकर्स ने अभी तक फिल्म लीड एक्ट्रेस को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। ऐसे में सारा अर्जुन फिल्म का हिस्सा होंगी या नहीं इस बारे में कोई कंफर्म न्यूज नहीं है। चाइल्ड आर्टिस्ट रहीं सारा अर्जुन 'देइवा थिरुमगल', 'जय हो' और 'पोन्नियिन सेलवन' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं।

'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' फेम निर्देशक आदित्य धर द्वारा निर्देशित 'धुरंधर' एक एक्शन पैक्ड फिल्म है। इसमें रणवीर सिंह लंबे बालों में नजर आएंगे। फिल्म के रणवीर ने अपनी फिजिक पर भी काफी मेहनत की है। 'धुरंधर' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म में रणवीर के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# रितेश देशमुख को पसंद आई आमिर की 'सितारे जमीन पर', बोले- 'मुझे जेनेलिया पर गर्व है'




आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। रिलीज से पहले फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें कई सितारे शामिल हुए। अब फिल्म को लेकर स्टार्स की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। अभिनेता रितेश देशमुख ने 'सितारे जमीन पर' की तारीफ की है।

### रितेश ने की फिल्म की तारीफ

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस तले बनी 'सितारे जमीन पर' का दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। अब फिल्म को लेकर अभिनेता रितेश देशमुख ने तारीफ की है। रितेश ने फिल्म को असाधारण बताते हुए कहा, 'मैंने फिल्म देखी है। क्या असाधारण फिल्म है ये। मुझे फिल्म पर गर्व है। मुझे आमिर और जेनेलिया के अभिनय पर गर्व है। ये फिल्म जिस तरह की है मुझे उस पर भी काफी गर्व है। क्योंकि इस तरह की और इस विषय पर फिल्म बनाने के लिए बहुत हिम्मत की जरूरत होती है। प्रसन्ना शानदार हैं।'

### आरएस प्रसन्ना ने किया है फिल्म का निर्देशन

आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित 'सितारे जमीन पर' में आमिर खान के साथ जेनेलिया डिसूजा प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। इसके अलावा फिल्म में 10 ऐसे नए कलाकार हैं, जो स्पेशल चाइल्ड हैं। इन कलाकारों ने आमिर खान के साथ स्क्रीन शेयर किया है। फिल्म की कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### फिल्म के कलाकारों से मिलने पहुंचे थे शाहरुख

आमिर खान ने फिल्म का जमकर प्रमोशन किया है। बीते दिन मेकर्स की ओर से एक वीडियो जारी किया गया था जिसमें शाहरुख खान फिल्म के नए कलाकारों से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान इन कलाकारों ने शाहरुख के साथ काफी मस्ती की थी और शाहरुख ने इन कलाकारों के साथ अपना सिग्नेचर पोज भी दिया था।

# नीना गुप्ता और सुनीता राजवार असल जिंदगी में हैं सहेलियां



पंचायत सीरीज़ में नीना गुप्ता और सुनीता राजवार भले ही एक दूसरे की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हों, लेकिन असल जिंदगी में उनके बीच गहरी दोस्ती है, जो उनके थिएटर के दिनों से चली आ रही है।

दोनों ने 2020 की फिल्म, शुभ मंगल ज्यादा सावधान और प्राइम वीडियो सीरीज, पंचायत में एक साथ काम किया है। 'पंचायत' में गुप्ता मंजू देवी की भूमिका निभाती हैं जबकि राजवार क्रांति देवी के किरदार में हैं।

गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, हम थिएटर में मिले, हमने साथ में एक नाटक किया। हम साथ मिलकर काम करते रहे, और जब हम कोई शो करते हैं, तो हमारे पास रिहर्सल के दौरान काफी समय होता है। हम कई सालों से दोस्त हैं, और हम कभी-कभी खाने पर या ऐसे ही मिलते हैं।

उन्होंने कहा, जब मुझे पता चला कि सुनीता भी शो में हैं, तो मैं बहुत खुश हुई क्योंकि शूटिंग के बाद, वह शाम को मेरे कमरे में आ जाती थी, हम साथ में खाना बनाते थे, कभी-कभी, वह खाना भी लाती थी। इसलिए, मुझे एक अच्छी संगति, एक अच्छी दोस्त मिल गई।

राजवार ने कहा कि जब भी उन्हें कोई प्रस्ताव मिलता है और यदि वह इसे लेकर असमंजस में होती हैं तो वह नीना से सलाह मशविरा करती हैं।

गुप्ता और राजवार दोनों ने ही पंचायत और विश्व स्तर पर प्रशंसित फिल्म संतोष के लिए ऑडिशन दिया था। गुप्ता को पंचायत में मंजू देवी की भूमिका मिली, जबकि राजवार को संतोष में गीता शर्मा का किरदार मिला।

नीना गुप्ता ने कहा, यह 'पंचायत' के दौरान हुआ, जहां उन्होंने 'मंजू देवी' की मेरी भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था, फिर एक फिल्म 'संतोष' है, जिसके लिए मैंने भी उनकी भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था।

'पंचायत 4' 24 जून को रिलीज होगा।

### दिवंगत अभिनेत्री रीमा लागू के पूर्व पति विवेक लागू का निधन

रीमा लागू के पूर्व पति विवेक लागू मराठी और हिंदी सिनेमा में एक जाना-पहचाना नाम थे। गुरुवार यानी 19 जून को उन्होंने अंतिम सांस ली है। कल ओशिवारा श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

रीमा लागू ने जहां हिंदी फिल्मों में खूब नाम कमाया। वहीं विवेक मराठी फिल्मों, टीवी शो और थिएटर में खूब सक्रिय रहे। वह गोदावरी ने काय केले, अग्ली, व्हाट अबाउट सावरकर? और 31 दिवस (2018) जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आए। टीवी शो, मराठी फिल्मों में वह एक उम्दा अभिनेता और निर्देशक के तौर पहचान रखते थे। रीमा लागू ने जहां हिंदी फिल्मों में खूब नाम कमाया। वहीं विवेक मराठी फिल्मों, टीवी शो और थिएटर में खूब सक्रिय रहे। वह गोदावरी ने काय केले, अग्ली, व्हाट अबाउट सावरकर? और 31 दिवस (2018) जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आए। टीवी शो, मराठी फिल्मों में वह एक उम्दा अभिनेता और निर्देशक के तौर पहचान रखते थे।

विवेक लागू और रीमा लागू ने साल 1978 में शादी की थी लेकिन कुछ समय बाद ही दोनों अलग हो गए।

# गिरती जा रही 'हाउसफुल 5' की कमाई, 14वें दिन सिर्फ इतना रहा कलेक्शन




साल की सबसे बड़ी कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। हालांकि, अब बॉक्स ऑफिस पर लगभग दो हफ्ते बिताने के बाद फिल्म की कमाई लगातार घट रही है। जानते हैं 14वें दिन गुरुवार को कैसी रही फिल्म की कमाई।

### गुरुवार को और घटी कमाई

'हाउसफुल 5' बॉक्स ऑफिस पर अब 14 दिन पूरे कर चुकी है। अब फिल्म के 14वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। खबर लिखे जाने तक 'हाउसफुल 5' ने गुरुवार को 14वें दिन 2.01 करोड़ की कमाई कर ली है, जो कि बुधवार की कमाई से कम है। 13वें दिन बुधवार को फिल्म ने 3 करोड़ की कमाई की थी। ऐसे में गुरुवार को फिल्म की कमाई और भी कम हुई है। फिल्म की कुल कमाई अब तक 167.26 करोड़ तक पहुंच गई है। हालांकि, रात में फिल्म की कमाई में हो सकता है कुछ बदलाव आए।

### दूसरे शनिवार-रविवार के बाद गिर रहा कलेक्शन

24 करोड़ से बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत करने वाली 'हाउसफुल 5' ने अपने पहले हफ्ते 127.25 करोड़ की कमाई की थी। लेकिन दूसरे शनिवार और रविवार के बाद से फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है। 14 दिन के बाद अब फिल्म का कुल कलेक्शन 167.26 करोड़ पहुंच चुका है। हालांकि, अभी भी फिल्म अपने बजट से काफी दूर है। फिल्म का बजट 225-230 करोड़ बताया जा रहा है।

### पांच पार्ट वाली पहली फ्रेंचाइजी है हाउसफुल

'हाउसफुल 5' बॉलीवुड की पहली 5 फिल्मों वाली फ्रेंचाइजी है। इससे पहले आईं चार फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि, 'हाउसफुल 5' बॉक्स ऑफिस पर 167 करोड़ से अधिक की कमाई करने के बावजूद अपने बजट को निकालने में फेल होती दिख रही है। ऐसे में अगर फिल्म अपना बजट नहीं निकाल पाई तो यह सुपरहिट की श्रेणी में भी शामिल नहीं हो सकेगी।

### डेढ़ दर्जन स्टार्स भी नहीं दिला पाए सफलता

'हाउसफुल 5' का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। इस बार मेकर्स ने फिल्म में डेढ़ दर्जन से भी अधिक स्टार्स को शामिल कर लिया। लेकिन फिल्म फिर भी उतनी सफलता हासिल नहीं कर पाई जितनी मेकर्स ने उम्मीद लगाई थी।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन न करने की याद दिलाई होगी: थरूर

**तिरुवनंतपुरम :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच बातचीत के दौरान अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन नहीं करने के महत्व की याद दिलाई होगी। थरूर ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के जनरल को यह संदेश भेजना अमेरिका के हित में भी है क्योंकि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी, जो 3,000 लोगों की जान लेने वाले 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार था। कांग्रेस सांसद ने यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा मुनीर को दोपहर भोज पर आमंत्रित किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यहां की। थरूर ने कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका ने बातचीत के दौरान पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन न करने, आतंकवादियों को पनाहगाह न देने तथा आतंकवादियों को भारत में न भेजने, उनकी मदद न करने, उन्हें प्रशिक्षित न करने, हथियार न देने और वित्त-पोषित न करने के महत्व की याद दिलाई होगी। उन्होंने कहा कि यह संदेश कुछ अमेरिकी सीनेटरों और कांग्रेस सदस्यों द्वारा पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को दिया गया है और उम्मीद है कि अमेरिका सरकार में सभी लोग ऐसा ही करेंगे। यह पूछे



जाने पर कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात क्यों नहीं की, बल्कि पाकिस्तानी जनरल से मुलाकात की, थरूर ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने किया, जो एक "महत्वपूर्ण सम्मान" था। उन्होंने कहा कि आमतौर पर संसदीय प्रतिनिधियों से देश के उप विदेश मंत्रियों जैसे वरिष्ठ अधिकारी मुलाकात करते हैं। थरूर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत पहले ही ट्रंप से मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, "हमने बिलकुल वही संदेश दिया जो प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति को दिया था और हमारे संदेश को उपराष्ट्रपति तथा उप विदेश मंत्री ने किसी आपत्ति, असहमति या तर्क के बिना स्वीकार कर लिया।" भारत-पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा कथित मध्यस्थता पर थरूर ने कहा कि भारत को इसे रोकने के लिए किसी तरह के अनुनय की आवश्यकता नहीं पड़ी, क्योंकि उसने यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि पाकिस्तान रुकेगा, तो वह भी रुकेगा। भारत-पाकिस्तान संघर्ष समाप्ति में अमेरिका की कथित मध्यस्थता पर थरूर ने कहा कि भारत को इसे रोकने के लिए किसी तरह के अनुनय की आवश्यकता नहीं पड़ी, क्योंकि उसने यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि पाकिस्तान रुकेगा, तो वह भी रुकेगा। उन्होंने कहा, "यदि राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से कोई दबाव रहा होगा तो वह केवल पाकिस्तान पर रहा होगा।

# एअर इंडिया विमान दुर्घटना : सह-पायलट क्लाइव कुंदर को रिश्तेदारों और दोस्तों ने दी अंतिम विदाई

**मुंबई :** अहमदाबाद में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया विमान के सह-पायलट फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर को बृहस्पतिवार को गमगीन परिवार के सदस्यों और दोस्तों सहित सैकड़ों लोगों ने भावभीनी अंतिम विदाई दी। सह-पायलट फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर का मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि क्लाइव कुंदर का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार सुबह मुंबई में उनके घर लाया गया। इसके बाद दोपहर में कुंदर का अंतिम संस्कार सेवरी ईसाई कब्रिस्तान में किया गया पायलट की तस्वीरें हाथों में लेकर कई लोग नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई देते देखे गए। एक अधिकारी ने बताया कि सह-पायलट का पार्थिव शरीर विमान से मुंबई हवाई अड्डा लाया गया और इसके बाद उनके परिवार के सदस्य गोरेगांव (पश्चिम) में राम मंदिर रोड स्थित उनके आवास पर ताबूत लेकर पहुंचे। कुंदर मुंबई में अपने बूढ़े माता-पिता और एक छोटी बहन के साथ रहते थे। अधिकारी ने बताया कि कुंदर के अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को दोपहर एक बजे तक उनके घर पर रखा गया। इसके बाद सेवरी ईसाई कब्रिस्तान में उनके पार्थिव शरीर को दफनाया गया। कुंदर के कई दोस्त और रिश्तेदार तथा स्थानीय निवासी श्रद्धांजलि देने के लिए उनके निवास पर एकत्र हुए तथा बाद में उनके अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। लंदन जा रहा एअर इंडिया विमान एआई-171 अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में, विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे जबकि एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया था।



### फ्लाइट अटेंडेंट रोशनी सोंघरे का अंतिम संस्कार किया गया

**ठाणे :** गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को एअर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाली फ्लाइट अटेंडेंट रोशनी सोंघरे (27) का बृहस्पतिवार सुबह ठाणे जिले के उनके गृहनगर डोंबिवली में अंतिम संस्कार किया गया। रोशनी के पिता राजेंद्र सोंघरे ने स्थानीय श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया। डीएनए परीक्षण के माध्यम से पहचान की पुष्टि होने के बाद, बुधवार देर रात रोशनी के शव को परिवार को सौंप दिया गया। एअर इंडिया के विशेष विमान से शव को मुंबई लाया गया, जहां से उसे डोंबिवली ले जाया गया। अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए उनके निवास पर लोगों का तांता लगा रहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मुंबई हवाई अड्डे से करीब 25 करोड़ रु का मादक पदार्थ जब्त, तीन लोग पकड़े गए

**मुंबई :** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और इस मामले में दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी शामिल है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर मुंबई सीमा शुल्क (तृतीय जोन) के अधिकारियों ने दो यात्रियों को बुधवार को बैंकाक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पहुंचने पर रोका। अधिकारियों ने बताया कि दोनों यात्रियों के सामान की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखा गया मादक पदार्थ बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि जब्त मादक पदार्थ का वजन 24.96 किलोग्राम और इसकी अनुमानित कीमत 24.66 करोड़ रुपये है।

### छत्तीसगढ़: बीजापुर में नक्सलियों ने एक स्कूली छात्र समेत तीन लोगों की हत्या की

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने 13 वर्षीय एक स्कूल छात्र समेत तीन लोगों की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस हत्याकांड को मंगलवार को अंजाम दिया गया और मृतकों में से दो माओवादी दिनेश मोडियाम के रिश्तेदार थे, जिसने इस वर्ष मार्च में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि 17 जून को गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेद्दाकोरमा में नक्सलियों ने तीन लोगों जुगनू मोडियाम (45), सोमा मोडियाम (21) और अनिल माडवी (13) की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सूचना मिलने पर एक दल को घटनास्थल पर भेजा। सुंदरराज ने बताया कि पुलिस दल ने घटना के अगले दिन तीनों का शव बरामद किया।

### कानून बनने के एक दशक बाद लोकपाल ने अभियोजन शाखा का गठन किया

नयी दिल्ली : कानून बनने के एक दशक से भी अधिक समय बाद भ्रष्टाचार-रोधी लोकपाल ने भ्रष्ट लोक सेवकों पर मुकदमा चलाने के लिए अभियोजन शाखा का गठन किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम 2013 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद एक जनवरी, 2014 को लागू किया गया था, लेकिन इसके तहत अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति छह साल से अधिक समय बाद 27 मार्च, 2019 को हुई थी। अधिनियम की धारा 12 लोकपाल को "लोक सेवकों पर मुकदमा चलाने के उद्देश्य से" अभियोजन शाखा का गठन करने के लिए बाध्य करती है। लोकपाल की एक पीठ ने 30 अगस्त, 2024 की अपनी बैठक में लोकपाल की जांच और अभियोजन शाखा दोनों का गठन करने का निर्णय लिया था।

# जर्मनी में एमबीए कर रहा 23 वर्षीय युवक लापता, परिवार ने मदद के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई

**बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) :** जर्मनी की एक झील में लापता हुए 23 वर्षीय युवक के परिवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और मंत्री राजेश धर्माणी से गुहार लगायी कि वह हरसंभव मदद के लिए जर्मन सरकार से संपर्क करने की विदेश मंत्रालय से अपील करें। बिलासपुर जिले के कंदरौर कस्बा क्षेत्र के रहने वाले आर्यन 2024 से जर्मनी के म्यूनिख में एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। आर्यन के पिता विचित्र सिंह चंदेल ने बताया कि उन्हें रविवार रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि उनका बेटा लापता हो गया है। उन्हें बताया गया कि उस दिन दोपहर करीब 1:30 बजे आर्यन झील में तैरने गया था, जहां उसके डूब जाने



की आशंका है। जर्मनी में रहने वाले उनके परिचितों के अनुसार आर्यन एक कुशल तैराक था, लेकिन उसके डूबने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि अभी तक न तो उसका शव मिला है और न ही उसके बारे में कोई सुराग मिला है।

# शाह दो दिवसीय दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा करेंगे

## जवानों से मिलेंगे

**रायपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे और इस दौरान वह छत्तीसगढ़ में जारी नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा के लिए एक सुरक्षा शिविर का दौरा करेंगे तथा एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि शाह अपने दौरे के पहले दिन (रविवार) नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और राज्य फोरेंसिक प्रयोगशाला की आधारशिला रखेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह अपने दौरे के दौरान राज्य में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और केंद्र सरकार की प्रमुख विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे। बयान के मुताबिक, शाह अपने दौरे के पहले दिन 22 जून को रायपुर के अटल नगर में विभिन्न केंद्रीय संस्थानों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं उद्घाटन करेंगे। इसी शाम वह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसमें राज्य के वर्तमान सुरक्षा हालात और नक्सल उन्मूलन अभियानों की गहन समीक्षा की जाएगी।

# कर्नाटक मंत्रिमंडल ने आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण

**बेंगलुरु :** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को राज्य में विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। राज्य सरकार के अनुसार, यह बढ़ा हुआ कोटा मुसलमान, ईसाई और जैन समुदाय सहित सभी अल्पसंख्यकों को लाभान्वित करेगा। हाल ही में सार्वजनिक निविदाओं में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की राज्य सरकार की पहल के बाद यह कदम उठाया गया है। उक्त पहल की विपक्षी भाजपा ने आलोचना की थी। भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर धर्म आधारित आरक्षण के माध्यम से संविधान को "कमजोर" करने का आरोप लगाया है। उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने निर्णय का बचाव करते हुए कहा कि मंत्रिमंडल के निर्णय का प्राथमिक उद्देश्य समाज के गरीब वर्गों की मदद करना है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने कहा, "राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।" उन्होंने कहा, "यह निर्णय इसलिए लिया गया कि केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यकों के अपर्याप्त आवास को ध्यान में रखते हुए कुछ निर्देश दिए थे तथा कर्नाटक सरकार ने भी राज्य में अल्पसंख्यकों के बीच बेघरों की उच्च संख्या पाई थी।"

# खालिस्तानी चरमपंथी भारत में हिंसा के लिए कनाडा का इस्तेमाल अड्डे के तौर पर कर रहे: खुफिया रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** कनाडा की एक खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्सी के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों के माध्यम से प्रकट हुआ है, जो भारत के पंजाब प्रांत के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र के गठन के वास्ते हिंसक साधनों का उपयोग करना चाहते हैं। एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथियों का एक छोटा समूह कनाडा का इस्तेमाल धन जुटाने और मुख्य रूप से भारत में हिंसा की योजना बनाने के लिए अड्डे के तौर पर कर रहा है। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की 2024 की रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी ने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों देशों के बीच उस वक्त राजनयिक संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे, जब एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर विवाद पैदा हो गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि कनाडा के खालिस्तानी चरमपंथियों का हिंसक गतिविधियों में बदस्तूर भाग लेना कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और इसके हितों के लिए खतरा बना हुआ है। इसमें कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप के तौर पर भारत की गतिविधियों की भी आलोचना की गई है। यह रिपोर्ट भारत के उस निरंतर रुख की पुष्टि करती प्रतीत हुई कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्व भयमुक्त होकर भारत-विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्सी के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों के माध्यम से प्रकट हुआ है, जो भारत के पंजाब प्रांत के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र के गठन के वास्ते हिंसक साधनों का उपयोग करना चाहते हैं। इस रिपोर्ट में भारत संबंधी खंड के तहत आरोप लगाया गया है, "भारतीय अधिकारी, जिनमें उनके कनाडा स्थित प्रॉक्सी एजेंट शामिल हैं, कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं, जो कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं।"

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना के सात दिन बाद भी मलबा बिखरा हुआ है : जांच जारी

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान हादसे के एक सप्ताह बाद भी उसके पिछले हिस्से सहित मलबा अब भी घटनास्थल पर बिखरा पड़ा है क्योंकि जांचकर्ता पूरी घटना की जांच कर रहे हैं और हादसे की वजह का पता लगाने के लिए सुरागों की तलाश में हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों सहित कुल 270 लोगों की मौत हुई है। अहमदाबाद से चालक दल सहित 242 लोगों को लेकर लंदन के गैटविक जा रहा बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को दोपहर 1.39 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद मेघाणी नगर में चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रावास के ऊपर गिर गया था। हादसे के बाद विमान के साथ-साथ छात्रावास की इमारतों में आग लग गई और यात्रियों, चालक दल के सदस्यों और जमीन पर मौजूद लोगों सहित 270 लोगों की जान चली गई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय का एक प्रभाग, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) इस जांच का नेतृत्व कर रहा है और इसके सदस्य हाल के समय में हुई सबसे भीषण हवाई दुर्घटनाओं में से एक की जांच के तहत घटनास्थल का दौरा कर रहे हैं। अहमदाबाद के अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी जयेश खड़िया ने बताया कि गुजरात सरकार ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि जांच में उसकी कोई भूमिका नहीं है, लेकिन स्थानीय अग्निशमन कर्मी दुर्घटना स्थल पर चल रही जांच में फोरेंसिक और विमानन विशेषज्ञों की मदद कर रहे हैं।

### एअर इंडिया विमान दुर्घटना: आठ महीने का बच्चा 28 प्रतिशत झुलसा, हालत में सुधार

पिछले सप्ताह जब एअर इंडिया का 171 विमान बी. जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में गिरा तो मनीषा कछाड़िया और उनका आठ महीने का बेटा ध्यानांश दुर्घटना से प्रभावित इमारतों में से एक में थे। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में सबसे कम उम्र का ध्यानांश 28 प्रतिशत झुलस गया और उसे अहमदाबाद के सिविल अस्पताल की बाल गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू) में भर्ती कराना पड़ा।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना: डीएनए जांच से 215 मृतकों की पहचान हुई, 198 शव परिजन को सौंपे गए

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की, डीएनए मिलान के जरिए अब तक पहचान कर ली गई है और 198 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# प्रधानमंत्री गोरखपुर के लिए दूसरी वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**गोरखपुर (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोरखपुर के लिए दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को शुक्रवार को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर जंक्शन के दौरे के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नई ट्रेन पाटलिपुत्र को मुजफ्फरपुर और नरकटियागंज के रास्ते गोरखपुर से जोड़ेगी। इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बढ़ावा मिलेगा। कुमार ने पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर, एकीकृत क्रू लॉबी, रनिंग रूम और अन्य यात्री सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने 500 करोड़ रुपये की 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास योजनाओं की भी समीक्षा की। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने पुनर्विकास की गुणवत्ता और गति की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे लंबे प्लेटफॉर्म वाला गोरखपुर जंक्शन यात्री सुविधा के मामले में भी अग्रणी बनने के लिए तैयार है। कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए 19 हजार 858 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड बजट आवंटन का जिक्र किया और कहा कि 'अमृत भारत' योजना के तहत राज्य के 157 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है जिनमें पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र के 58 स्टेशन भी शामिल हैं।

# रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 की व्यापक समीक्षा के लिए समिति गठित: रक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी) 2020 की व्यापक समीक्षा के मद्देनजर सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करने के लिए महानिदेशक (खरीद) की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, ताकि इसे सरकार की मौजूदा नीतियों और पहल के साथ "संरेखित" किया जा सके। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस समीक्षा का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय पर "सशस्त्र बलों की अभियानगत आवश्यकताओं और आधुनिकीकरण" को पूरा करना है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा, इसका उद्देश्य केंद्र की नीतियों और पहलों के साथ खरीद प्रक्रियाओं को संरेखित करना भी है ताकि क्षेत्र में "आत्मनिर्भरता" हासिल की जा सके और 'मेक इन इंडिया' को सक्षम बनाया जा सके। मंत्रालय ने सितंबर 2020 में एक बयान में कहा था कि डीएपी 2020 को सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण और 'मेक इन इंडिया' पहल के माध्यम से भारतीय घरेलू उद्योग को सशक्त बनाने के साथ जोड़ा गया है, जिसका "अंतिम उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में तब्दील करना" है। इसने बृहस्पतिवार को कहा कि 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित करने के बाद मंत्रालय ने डीएपी 2020 की "व्यापक समीक्षा" शुरू की है ताकि इसे "भारत सरकार की मौजूदा नीतियों और पहलों के साथ संरेखित किया जा सके"।

# '5 सुनहरी बाग रोड' राहुल गांधी का नया पता, जन्मदिन पर सामान पहुंचना शुरू हुआ

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को उनका सामान '5 सुनहरी बाग रोड' पर पहुंचाया जाना शुरू हो गया, जो उनका नया आवास होगा। सूत्रों ने बताया कि अभी कुछ दिनों तक उनके सामान को वहां पहुंचाया जाएगा और संभव है कि 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले वह इस बंगले में विधिवत रहना शुरू कर दें। राहुल गांधी बृहस्पतिवार को 55 साल के हो गए। उनका जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य और नेता प्रतिपक्ष हैं। राहुल करीब दो वर्षों से अपनी मां और कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के '10 जनपथ' स्थित आवास में रह रहे थे। इससे पहले वह लंबे समय तक '12, तुगलक लेन' में रहे। वर्ष 2023 में 'मोदी' उपनाम मानहानि वाले मामले में अदालती फैसले के बाद लोकसभा सदस्यता जाने के कारण उन्होंने यह घर खाली कर दिया था। बाद में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद उनकी सदस्यता बहाल हो गई थी, लेकिन उसके बाद से उन्होंने अपनी मां के आधिकारिक आवास में रहना जारी रखा।

# राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने कहा,पूछताछ में गुमराह कर रही सोनम को इंदौर लाया जाए

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** मेघालय में हनीमून मनाने गये इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी सोनम पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को गुमराह कर रही है। राजा के बड़े भाई ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया। उन्होंने इस बहुचर्चित वारदात का पूरा सच सामने लाने के लिए सोनम और चार अन्य आरोपियों को इंदौर लाकर जांच किये जाने की मांग की। राजा रघुवंशी के बड़े भाई सचिन ने यह बात ऐसे वक्त कही, जब शिलॉन्ग की एक अदालत ने सोनम और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी। सचिन ने इंदौर में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पिछले आठ दिन की पुलिस हिरासत के दौरान हुई पूछताछ में सोनम ने जांचकर्ताओं को गुमराह किया और उन्हें हत्याकांड की पूरी जानकारी नहीं दी है। इसलिए मुझे लगता है कि उसे लम्बी अवधि के लिए पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जानी चाहिए। उन्होंने सोनम के पूरे परिवार के 'नार्को टेस्ट' की मांग दोहराई और कहा कि राजा के हत्याकांड में सोनम के परिजन और दोस्त भी शामिल हो सकते हैं। सचिन ने कहा, "इतनी बड़ी साजिश रचना आसान नहीं है। मेरे भाई की हत्या का मकसद स्पष्ट होना चाहिए। इसके लिए सोनम और अन्य आरोपियों को जांच के वास्ते इंदौर लाया जाना चाहिए।" राजा रघुवंशी की मां उमा अपने दिवंगत बेटे को याद करके भावुक हो जाती हैं और बार-बार एक ही सवाल दोहराती हैं, "सोनम ने मेरे बेटे की हत्या क्यों कराई?" उन्होंने कहा, "सोनम, उसकी सहेलियों और उसके सभी नजदीकी लोगों से विस्तृत पूछताछ होनी चाहिए। आखिर मेरे बेटे का क्या कसूर था और सोनम ने उसकी हत्या क्यों कराई? जब तक मैं इस सवाल का जवाब खुद सोनम के मुंह से नहीं सुन लूंगी, मेरे मन को तसल्ली नहीं होगी।

### सोनम और राज की पुलिस रिमांड बढ़ी, तीन हत्यारों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलॉन्ग :** शिलॉन्ग की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाहा की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी, जबकि कथित तौर पर इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शामिल तीन आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रघुवंशी और उनकी पत्नी 23 मई को मेघालय के सोहरा क्षेत्र में हनीमून मनाते समय लापता हो गए थे। रघुवंशी का बुरी तरह सड़ चुका शव दो जून को एक खड्ड में पाया गया था। राज और हत्या में शामिल-आकाश राजपूत (19), विशाल सिंह चौहान (22) और राज सिंह कुशवाह (21) को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद सोनम ने अपने पति की हत्या के सिलसिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉन किटबोर कोशी मिहसिल की अदालत ने 11 जून को पांचों आरोपियों को आठ दिन की पुलिस हिरासत प्रदान की थी, जिन्हें ट्रांजिट रिमांड पर राज्य लाया गया था। इससे पहले दिन में पांचों आरोपियों को शिलॉन्ग के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी चिकित्सकीय जांच की गई।

# 'पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे': भारतीय छात्रों ने ईरान के भयावह हालात याद किए

**नयी दिल्ली :** युद्धग्रस्त ईरान से सुरक्षित निकाले जाने के बाद बृहस्पतिवार को वापस लौटे छात्रों ने वहां के भयावह मंजर को बयां किया। वापस लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ ने कहा, "हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी।" खलीफ, उन 110 भारतीय छात्रों में से एक हैं जो बृहस्पतिवार को सुबह-सुबह पहली निकासी उड़ान से राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इन छात्रों को भारत लाया गया। जम्मू-कश्मीर के 90 छात्र सहित इन सभी को ईरान के शहरों में विस्फोट और हवाई हमले के मद्देनजर इस



सप्ताह की शुरुआत में तेहरान से आर्मेनिया ले जाया गया था। बचाव अभियान में समन्वय भारतीय दूतावास द्वारा किया गया। खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "हमने मिसाइलें गिरती देखी। युद्ध हो रहा था। हमारे पड़ोस में बमबारी हो रही थी। हम बेहद डर गए। मैं दुआ करता हूं कि किसी छात्र को ऐसे दिन कभी न देखने पड़ें।" खलीफ ने कहा, "ईरान में अब भी छात्र फंसे हैं। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि उन्हें भी जल्द भारत लाया जाएगा।" कश्मीर की छात्रा वार्ता के चेहरे पर भी डर साफ दिख रहा था। उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, "हम पहले समूह हैं जिन्हें ईरान से निकाला गया है। स्थिति काफी गंभीर थी। हम डरे हुए थे। हम भारत सरकार और भारतीय दूतावास का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमें यहां लाने के लिए बहुत तेजी से काम किया।"

# इंग्लैंड में होगी नई शुरुआत, गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार



**लीड्स:** नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जब भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों

## आईपीएल खिताब से बढ़कर है बड़ी टीमों के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना : शुभमन गिल

**लीड्स:** भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने यहां बृहस्पतिवार को कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की कमानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला जीत दो।' उन्होंने कहा,' आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढ़ी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन।' गिल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है।'

## भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण



**लीड्स:** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली श्रृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है। इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में श्रृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में श्रृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।

## अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन, बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं दे : तेंदुलकर

**नयी दिल्ली:** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिये और नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा,'मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा। उसे सहयोग देने की भी जरूरत है।' भारत का कप्तान होना काफी दबाव वाला काम है और तेंदुलकर को पता है कि अलग अलग तरह के सुझाव सामने आयेंगे लेकिन उनका मानना है कि गिल इससे बखूबी निबट लेंगे।

## एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप : सेंथिलकुमार सेमीफाइनल में, पदक पक्का



**कुचिंग (मलेशिया):** भारतीय खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप 2025 में सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में 45वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जोआचिम चुआ को 3-0 (11-7 11-6 11-6) से हराया। सेंथिलकुमार अब सेमीफाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय लाउ त्स कान से खेलेंगे। भारतीय खिलाड़ी ने 2023 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पिछले चरण में मलेशिया के एनजी ईन यो से हारने के बाद रजत पदक जीता था। बृहस्पतिवार को मिली जीत से सेंथिलकुमार के लिए पदक पक्का हो गया है क्योंकि हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्ट कांस्य पदक हासिल करेंगे। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीयों में दिवाकर सिंह और राहुल बैठा पुरुष वर्ग के राउंड ऑफ 32 से आगे बढ़ने में असफल रहे जबकि सूरज चंद प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए।

## भारतीय जूनियर तीरंदाज एशिया कप की पांच स्पर्धाओं के फाइनल में

**सिंगापुर:** भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में पांच स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में वैष्णवी पवार और विष्णु चौधरी ने सिंगापुर की तबीथा एर्न लिन येओ और यू लोंग ली को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने पहला सेट 37-35 से जीता और दूसरा सेट 37-37 से बराबर किया लेकिन तीसरा सेट 36-38 से हार गई जिससे स्कोर 3-3 से बराबर हो गया। पवार और चौधरी ने धैर्य बनाए रखा और अंतिम सेट में 38-34 से जीत दर्ज करके मैच अपने नाम कर लिया। भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं।

## चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर, पेरिस डायमंड लीग में सामना वेबर से



**पेरिस:** नब्बे मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी जब वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं। वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91 . 06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90 . 23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86 . 12 मीटर और चोपड़ा ने 84 . 14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिये पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया।

## कोहली, रोहित या अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर नहीं हुई है : स्टोक्स

**लीड्स:** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिये प्रतिभा का भंडार है। बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का आगाज करेगी। कोहली, रोहित और अश्विन के संन्यास के बाद यह शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम का पहला मुकाबला होगा। स्टोक्स ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है।' उन्होंने कहा ,'विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिये शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।' स्टोक्स ने कहा ,'हमने आईपीएल में काफी समय बिताया है और हमें पता है कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है। ये तीनों बहुत बड़े नाम हैं जिन्होंने देश के लिये शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इनके नहीं होने से चुनौती आसान नहीं होगी।' उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिये जसप्रीत बुमराह का सामना करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन उनकी टीम एक खिलाड़ी पर ही फोकस नहीं करेगी।



## रूस के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री ने कहा, देश मंदी की ओर



**सेंट पीटर्सबर्ग:** रूस के आर्थिक मामलों के मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था 'मंदी' में जा रही है। रूसी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रेशेतनिकोव ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकनॉमिक फोरम में यह बात कही। यह रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर में आयोजित होने वाला वार्षिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य देश की आर्थिक ताकत को उजागर करना और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना है। रूस के मीडिया समूह आरबीसी ने मंत्री के हवाले से कहा कि आंकड़े नरमी का संकेत देते हैं, लेकिन हमारे सभी आंकड़े 'रियरव्यू मिरर' की तरह हैं। वर्तमान में कंपनियों की धारणा और संकेतकों को देखते हुए, मुझे लगता है कि हम पहले से ही मंदी की कगार पर हैं।'' रूस के फरवरी, 2022 में यूक्रेन में सेना भेजे जाने के बाद प्रतिबंध झेल रही रूस की अर्थव्यवस्था ने अबतक पूर्वानुमानों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उच्च रक्षा व्यय ने वृद्धि को गति दी है और मुद्रास्फीति में तेजी के बावजूद बेरोजगारी को कम रखा है। साथ ही, मुद्रास्फीति के हिसाब से वेतन में वृद्धि हुई है, जिससे कई श्रमिकों की स्थिति बेहतर हुई है। सैन्य भर्ती के लिए बड़े भर्ती बोनस और यूक्रेन में मारे गए लोगों के लिए मृत्यु लाभ ने भी देश के गरीब क्षेत्रों में अधिक आय सृजित की है। लेकिन लंबी अवधि में, मुद्रास्फीति और विदेशी निवेश की कमी अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनी हुई है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि कि सैन्य खर्चों पर आधारित अर्थव्यवस्था कितने समय तक चल सकती है। अर्थशास्त्रियों ने अर्थव्यवस्था पर बढ़ते दबाव और सैन्य क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में निवेश की कमी के कारण वृद्धि के स्थिर होने की संभावना के बारे में चेतावनी दी है। सेंट पीटर्सबर्ग में फोरम के एक सत्र में रेशेतनिकोव ने कहा कि रूस 'किनारे पर' है और देश मंदी की ओर बढ़ेगा या नहीं, यह सरकार के कार्यों पर निर्भर करता है।

## हवाई अड्डा लाउंज सेवा के लिए ड्रीमफॉक्स से अलग होने की तैयारी में आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक

**मुंबई:** आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और मास्टरकार्ड सहित प्रमुख भारतीय बैंक एवं कार्ड नेटवर्क, एग्रीगेटर ड्रीमफॉक्स सर्विसेज लिमिटेड से अलग होने के बारे में सोच रहे हैं ताकि एयरपोर्ट लाउंज सेवाएं देने वाले परिचालकों के साथ सीधी साझेदारी कर सकें। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ड्रीमफॉक्स एक वैश्विक यात्रा एवं जीवनशैली सेवाएं देने वाली एग्रीगेटर है जो कई हवाई अड्डों पर लाउंज एक्सेस सेवाएं मुहैया कराती है। पिछले साल 22 सितंबर को ड्रीमफॉक्स की 'सेवाओं में एक अस्थायी व्यवधान' देखा गया था, जिसके कारण बैंकों और कार्ड नेटवर्क के हजारों ग्राहकों को हवाई अड्डों पर लाउंज सेवाएं लेने में समस्या आई थी। मामले से परिचित तीन सूत्रों ने बताया कि अगले ही दिन इस समस्या का समाधान हो गया था लेकिन इस घटना के बाद बैंकों एवं कार्ड नेटवर्क ने अन्य विकल्पों की तलाश शुरू कर दी थी। सूत्रों ने कहा कि एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के साथ मास्टरकार्ड इस तलाश में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य बैंकों के भी ऐसा करने की उम्मीद है। एक्सिस बैंक ने इस बारे में कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया जबकि आईसीआईसीआई बैंक और मास्टरकार्ड को भेजे गए ईमेल पर कोई जवाब नहीं आया। ड्रीमफॉक्स ने भी इस बारे में भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं दिया। ड्रीमफॉक्स भारत में प्रमुख हवाई अड्डों पर लाउंज संचालकों में से एक है।

## प्रतिस्पर्धा के बजाय पूरक बनाने वाले व्यापार समझौतों पर ध्यान: गोयल



**लंदन:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत उन देशों के साथ व्यापार वार्ता कर रहा है जिनके साथ उसकी सीधी प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि जिनकी अर्थव्यवस्थाएं पूरक बन सकती हैं। गोयल ने विज्ञान संग्रहालय में ब्रिटेन-भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सहयोग पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए व्यापार समझौतों से खुलने वाले द्विपक्षीय और व्यापक वैश्विक अवसरों का उल्लेख किया। गोयल ने कहा, हमारा ध्यान विकसित देशों के साथ मजबूत व्यापार समझौते करने पर है। उन्होंने अपने संबोधन में ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साथ ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ किए गए व्यापार समझौतों का भी उल्लेख किया। गोयल ने कहा कि 15 साल पहले जब उनकी पार्टी की सरकार सत्ता में नहीं आई थी, तब भारत 'प्रतिस्पर्धी' देशों के साथ व्यापार समझौते करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा था। उन्होंने कहा, यह वाकई में मूर्खतापूर्ण है क्योंकि (यह) मेरे बाजार को मेरे प्रतिस्पर्धियों के लिए खोल रहा है, जिनमें से कई अब चीन की 'बी' टीम बन गए हैं। इसलिए प्रभावी रूप से और अप्रत्यक्ष रूप से, मैंने अपने बाजार को उन वस्तुओं के लिए खोल दिया है जो चीन से भारत में आती हैं। गोयल ने अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ (ईयू) और खाड़ी देशों के साथ चल रही व्यापार वार्ताओं का संदर्भ देते हुए कहा, हम उन देशों के साथ बात कर रहे हैं जिनके साथ हम प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं, जिनके साथ हम एक-दूसरे के पूरक हैं; जहां उनके पास पेशकश के लिए कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें भारत भी पसंद करेगा, जैसा कि ब्रिटेन से समझौते में है, और हमारे पास पेशकश करने के लिए कुछ चीजें हैं। हम उनकी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

## बीआईएस के परीक्षण में 91 प्रतिशत से अधिक खिलौने गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप पाए गए

**मुंबई:** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जनवरी, 2021 में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के कार्यान्वयन के बाद से खिलौनों के 17,860 नमूनों में से 91 प्रतिशत को इस आदेश के अनुरूप पाया है। यह घरेलू बाजार में गुणवत्ता वाले उत्पादों की उपलब्धता को दर्शाता है। बीआईएस, मुंबई के निदेशक और प्रमुख (पश्चिमी क्षेत्रीय प्रयोगशाला) अनिल कापड़ी ने कहा कि ब्यूरो ने जनवरी, 2021 में खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश के कार्यान्वयन के बाद व्यापक प्रवर्तन गतिविधियां शुरू की हैं। केंद्र सरकार में उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''बाजार में उपलब्ध प्रमाणित खिलौनों की गुणवत्ता की जांच रखने के लिए बीआईएस लगातार परीक्षण को लिए गए नमूनों की संख्या में वृद्धि कर रहा है। वर्ष 2021 से डेटा निगरानी गतिविधियों में वृद्धि का रुझान है।'' अधिकारी ने कहा, ''इसके अलावा, यह स्पष्ट है कि इन नमूनों का बढ़ता अनुपात भारतीय मानकों के अनुरूप पाया गया है, जो बाजार में उपलब्ध खिलौनों की समग्र गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव का संकेत देता है।'

## सूचीबद्ध गैर-वित्तीय निजी कंपनियों की बिक्री मार्च तिमाही में 7.1 प्रतिशत बढ़ी: आरबीआई

**मुंबई:** सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री में 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पिछली अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इन कंपनियों की बिक्री में आठ प्रतिशत और वर्ष के दौरान 6.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। रिजर्व बैंक ने 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के प्रदर्शन का आंकड़ा जारी किया है। यह 2,936 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिया गया है। आंकड़ों के अनुसार, 1,659 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की कुल बिक्री वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दिसंबर तिमाही के 7.7 प्रतिशत से घटकर मार्च तिमाही के दौरान 6.6 प्रतिशत रह गई। आरबीआई ने कहा कि विद्युत मशीनरी, रसायन, खाद्य उत्पाद और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख उद्योगों ने दहाई अंक की बिक्री वृद्धि दर्ज की, लेकिन पेट्रोलियम उद्योग के कमजोर प्रदर्शन ने इस क्षेत्र की बिक्री वृद्धि को सीमित कर दिया। वार्षिक आधार पर, आईटी कंपनियों की बिक्री वृद्धि चौथी तिमाही में 8.6 प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर तिमाही के 6.8 प्रतिशत और एक वर्ष पूर्व मार्च तिमाही में 3.1 प्रतिशत थी।

## पश्चिम एशिया में जारी तनाव से शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 83 अंक और टूटा



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नीचे आ गए। बीएसई सेंसेक्स जहां 83 अंक के नुकसान में रहा, वहीं एनएसई निफ्टी 19 अंक नीचे आया। ईरान-इजराइल के बीच जारी संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजार में गिरावट आई। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने के निर्णय से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 81,583.94 अंक तक गया और नीचे में 81,191.04 अंक तक आया। बीएसई के 3,018 शेयर नुकसान में जबकि 959 बढ़त में रहे। वहीं 140 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 18.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,793.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्-वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,'भारतीय शेयर सूचकांक में नकारात्मक रुख के साथ सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में अमेरिका की संभावित भागीदारी को लेकर चिंताओं के कारण दुनियाभर में निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। मुद्रास्फीति के लगातार ऊंचा होने और धीमी आर्थिक वृद्धि के संकेत का असर सॉफ्टवेयर निर्यात से जुड़ी कंपनियों के शेयरों पर पड़ा।'

## न्यूज अपडेट

### रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** रुपये में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट देखी गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे लुढ़ककर 86.73 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। तीन दिन में रुपया 69 पैसे कमजोर हुआ है। इसका मुख्य कारण मौजूदा जोखिम से बचने की बाजार धारणा का होना और आयातकों की डॉलर मांग थी, जो जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से प्रेरित है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने भी रुपये पर दबाव डाला।

### भारत में इस वर्ष 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी अमेजन इंडिया

**नयी दिल्ली:** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने अपने अखिल भारतीय परिचालन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 2025 में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। अमेजन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, निवेश से नेटवर्क विस्तार एवं उन्नयन में सहायता मिलेगी, जिससे ग्राहकों को अधिक तेजी से और अधिक विश्वसनीय सेवा प्रदान की जा सकेगी। साथ ही प्रौद्योगिकी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और कर्मचारियों व सहयोगियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।'' कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा करते हुए कहा कि यह नया निवेश परिचालन नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को समूचे भारत में सभी सेवा योग्य क्षेत्रों तक आपूर्ति करने में मदद करेगा। अमेजन ने साथ ही कहा कि वह आपूर्ति करने वाले सहयोगियों और साझेदारों को सचेत करने और उन्हें आराम के लिए उचित समय देते रहेगा। साथ ही नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करके सड़क सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास जारी रखेगा। कंपनी ने हाल ही में, 2025 के अंत तक चिकित्सकीय शिविरों के माध्यम से 80,000 से अधिक आपूर्ति सहयोगियों व साझेदारों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की है।

### ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाले कंपनियों की संख्या में 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हुई

**लंदन:** ब्रिटेन में काम कर रहीं भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 2025 में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हो गई है। किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि है। वैश्विक वित्तीय सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा उद्योग निकाय सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के सहयोग से किए गए विश्लेषण, 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा दर्ज किया गया संयुक्त राजस्व 2024 के 68.09 अरब पाउंड (जीबीपी) से बढ़कर 2025 में 72.14 अरब जीबीपी हो गया। विश्लेषण के 12वें संस्करण में पाया गया कि अब ब्रिटेन में 1,197 भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां कार्यरत हैं, जो 2024 के आंकड़ों की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' को लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक' के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के उनके समककक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने बुधवार को पेश किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं। ग्रांट थॉर्नटन में दक्षिण एशिया व्यापार समूह के प्रमुख एवं साझेदार अनुज चंदे ने कहा,'जैसा कि हाल ही में हुए ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते से स्पष्ट है.... ब्रिटेन और भारत के बीच स्पष्ट आर्थिक समानता है तथा एक-दूसरे के साथ अधिकाधिक व्यापार एवं निवेश करने की पारस्परिक इच्छा है।''

वर्ष 10, पूर्णांक 3272 अंक 082, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in